राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 211
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 26 जून 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236




मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा में कामर्शियल भूखंड आवंटन में देना होगा लोकेशन चार्ज
पेज 4 यूपी के 43 शहरों में बारिश, सहारनपुर में बाढ़
पेज 6 शार्दुल ठाकुर दूसरे टेस्ट से हो सकते हैं बाहर, इस खिलाड़ी को

## धर्मशाला में 15-20 मजदूर बाढ़ में बहे, 2 के शव बरामद

### कुल्लू में 3 जगह बादल फटा, पिता-बेटी समेत 3 बहे; लैंडस्लाइड से आदिकैलाश का रास्ता बंद

नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ। हिमाचल प्रदेश में धर्मशाला में बुधवार को तेज बारिश हुई। खनियारा इलाके के सोकणी दा कोट में इंदिरा प्रियदर्शनी हाइड्रल प्रोजेक्ट में काम करने वाले 15-20 मजदूर मनुणी खड्डु (नदी) में बह गए। अबतक दो मजदूरों के शव मिले हैं।

मनुणी नदी आम दिनों में सूखी ही रहती है, लेकिन तेज बारिश के कारण नदी में अचानक से बाढ़ आ गई। मजदूर नदी किनारे बने शेड में रह रहे थे। इसलिए बाढ़ की चपेट में आ गए।

कुल्लू जिले में भी 3 जगह सैंज घाटी के जीवा नाला, गढ़सा घाटी के शिलागढ़ और बंजार के होरनगढ़ में बादल फटा। जीवा नाला में बाप-बेटी समेत 3 लोग बह गए।

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में धारचुला-लिपुलेख रोड पर लैंडस्लाइड हुआ। इसके कारण आदिकैलाश रोड बंद



हो गया। दोनों तरफ वाहन फंसे हुए हैं। हल्द्वानी में एक कार नहर में गिर गई। कार सवार 7 लोगों में से 4 की मौत हो गई। इनमें तीन दिन का बच्चा भी शामिल है।

केरल के वायनाड के आज सुबह से तेज बारिश हो रही है। चूरलमाला में बाढ़ का अलर्ट जारी किया गया है। पिछले साल मुडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला समेत दूसरे इलाकों में लैंडस्लाइड में 369 लोगों की मौत हुई थी। जम्मू में मंगलवार रात हुई भारी बारिश के चलते तवी नदी उफान पर है। इसमें एक शख्स फंस गया। एसडीआरएफ के लोगों ने सीढ़ी के सहारे उसका रेस्क्यू किया। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भी तेज बारिश का अलर्ट है।

#### दिल्ली में बारिश का यलो अलर्ट

दिल्ली एनसीआर में अगले कुछ घंटे बिजली-बारिश और तेज हवाएं चलने का अलर्ट है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार सफदरजंग, लोधी रोड, वसंत विहार, आरके पुरम, डिफेंस कॉलोनी, वसंत कुंज, हौजखास, मालवीय नगर, महरौली, तुगलकाबाद और छतरपुर में हल्की से तेज बारिश हो सकती है। इस दौरान 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है।

## संक्षिप्त खबरें

### उपराष्ट्रपति धनखड़ के सीने में दर्द उठा

नैनीताल। उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ की उत्तराखंड में बुधवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें तुरंत नैनीताल राजभवन ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उनका चेकअप किया। फिलहाल उनकी सेहत ठीक है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ नैनीताल में कुमाऊं यूनिवर्सिटी के गोल्डन जुबली समारोह में चीफ गेस्ट थे। 45 मिनट के संबोधन में उन्होंने बार-बार 1989 में अपने साथ सांसद रहे डॉ. महेंद्र सिंह पाल का जिक्र किया। कार्यक्रम खत्म होने के बाद उपराष्ट्रपति धनखड़ महेंद्र सिंह पाल के कंधे पर हाथ रखकर बाहर निकले। करीब 10 कदम चलने पर उपराष्ट्रपति पूर्व सांसद के गले लगकर भावुक हो गए।

### ईरान और इजराइल से 540 भारतीय लौटे

नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंधु के तहत बुधवार को ईरान और इजराइल से 540 भारतीय नागरिक वापस लौटे। बुधवार सुबह इजराइल से 224 भारतीय लाए गए। वहीं शाम को ईरान से 296 नागरिक वापस लौटे, जिनमें 4 नेपाली नागरिक भी शामिल हैं। ईरान-इजराइल के तनाव के बीच दोनों देशों से अब तक 3154 भारतीयों को भारत लाया जा चुका है। इससे पहले 24 जून की रात 12.01 बजे 282 भारतीयों को लेकर एक फ्लाइट ईरान के मशहद से दिल्ली पहुंची थी। उधर, भारतीय दूतावास ने मंगलवार देर रात बताया था कि ईरान से भारतीयों को निकालने के अभियान को बंद कर रहे हैं।

### भारी बारिश



जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में भारी बारिश के बाद पानी में बह गए वाहन।

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में गड़बड़ी वाली याचिका खारिज

मुंबई। बॉम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में गड़बड़ी को लेकर दायर याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा- याचिका की सुनवाई में कोर्ट का समय बर्बाद हुआ है। हालांकि याचिकाकर्ता पर कोई जुर्माना नहीं लगाया गया है। जस्टिस जीएस कुलकर्णी और आरिफ डॉक्टर की बेंच ने कहा- इस याचिका में कोई ठोस आधार नहीं है। ऐसे में हम इसे खारिज करते हैं। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि चुनाव में 6 बजे के बाद 75 लाख से ज्यादा वोट पड़े। साथ में चुनाव प्रक्रिया को अवैध घोषित करने की मांग की थी।

## सीजेआई गवई बोले-संसद नहीं, संविधान सबसे ऊपर

**लोकतंत्र के तीनों हिस्से इसके अधीन; संसद के पास संशोधन की शक्ति, लेकिन मूल ढांचा नहीं बदल सकती**

अमरावती। भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने बुधवार को कहा कि भारत का संविधान सबसे ऊपर है। हमारे लोकतंत्र के तीनों अंग (न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका) संविधान के अधीन काम करते हैं। सीजेआई गवई ने कहा कुछ लोग कहते हैं कि संसद सर्वोच्च है, लेकिन मेरी राय में संविधान सर्वोपरि है।

सुप्रीम कोर्ट के 52वें सीजेआई के रूप में शपथ लेने वाले जस्टिस गवई होमटाउन अमरावती में अपने अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे।



सीजेआई गवई ने कहा कि संसद के पास संशोधन करने की शक्ति है, लेकिन वह संविधान के मूल ढांचे को बदल नहीं सकती।

### लोग क्या कहेंगे, हमारे फैसलों पर इसका असर नहीं होना चाहिए-गवई

सीजेआई गवई ने कहा कि एक जज को हमेशा याद रखना चाहिए कि हमारा एक कर्तव्य है, और हम नागरिकों के अधिकारों और संवैधानिक मूल्यों और सिद्धांतों के संरक्षक हैं। हमारे पास केवल शक्ति नहीं है, बल्कि हम पर एक कर्तव्य भी डाला गया है। किसी जज को इस बात को लेकर नहीं चलना चाहिए कि लोग उनके फैसलों के बारे में क्या कहेंगे या क्या महसूस करेंगे। चीफ जस्टिस बोले- हमें स्वतंत्र रूप से सोचना होगा।

लोग क्या कहेंगे, यह हमारी फैसले लेने की प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बन सकता।

### बुलडोजर जस्टिस के खिलाफ दिए फैसले का जिक्र

सीजेआई ने कहा कि उन्होंने हमेशा अपने निर्णयों और काम को बोलने दिया और हमेशा संविधान में निहित मौलिक अधिकारों के साथ खड़े रहे। बुलडोजर न्याय के खिलाफ अपने फैसले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आश्रय का अधिकार सर्वोच्च है।

## पंजाब के पूर्व अकाली मंत्री बिक्रम मजीठिया गिरफ्तार

### 540 करोड़ से अधिक राशि का पता चला, केजरीवाल बोले- कोई भी बख्शा नहीं जाएगा

अमृतसर। पंजाब विजिलेंस ने बुधवार को पूर्व अकाली मंत्री बिक्रम मजीठिया को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी आय से अधिक संपत्ति के केस में की गई।

अमृतसर से गिरफ्तार करने के बाद विजिलेंस की टीम मजीठिया को मोहाली ले गई। शुरूआती जांच में 540 करोड़ से अधिक प्रॉपर्टी का पता चला। विजिलेंस ने बिक्रम मजीठिया के घर से 29 मोबाइल फोन, 5 लैपटॉप, 3 आईपैड, 2 डेस्कटॉप, 8 डायरियां और अन्य दस्तावेज जब्त किए हैं। विजिलेंस की टीम बुधवार सुबह एसएसपी लखबीर सिंह की अगुआई में मजीठिया के अमृतसर में ग्रीन एवेन्यू स्थित घर पर पहुंची। इस दौरान मजीठिया की विजिलेंस टीम से भी बहस हुई। जिसके वीडियो मजीठिया ने सोशल मीडिया पर जारी किए।


मजीठिया ने कहा कि सारी कार्रवाई राजनीतिक बदले की भावना से की जा रही है। मगर, वह इससे डरने वाले नहीं हैं।





### हैप्पी मॉर्निंग

महिला- कौन ज्यादा संतुष्ट है, जिसके पास दस बच्चे हैं, या फिर जिसके पास दस लाख रुपये हैं? पुरुष- जिसके पास दस बच्चे हैं महिला- वह कैसे? पुरुष- जिसके दस बच्चे हैं, वह और अधिक नहीं चाहता जबकि जिसके पास दस लाख रुपये हैं, वह और ज्यादा चाहता है......



### शायरी

क़त्ल तो नहीं बदला क़त्ल की अदा बदली
तीर की जगह क़ातिल साज़ उठाए बैठा है

## सीबीएसई 10वीं की परीक्षा 2026 से 2 बार होगी

**पहली परीक्षा कम्पल्सरी, दूसरी ऑप्शनल; अप्रैल-जून में नतीजे, सप्लीमेंट्री खत्म**

नई दिल्ली। सीबीएसई (सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन) 10वीं के स्टूडेंट 2026 से साल में 2 बार एग्जाम देंगे। एग्जामिनेशन कंट्रोलर संयम भारद्वाज ने बुधवार को यह जानकारी दी है। नए परीक्षा पैटर्न के मुताबिक, पहली परीक्षा सभी छात्रों के लिए जरूरी होगी और दूसरी ऑप्शनल। पहली परीक्षा फरवरी और दूसरी मई में होगी। नतीजे अप्रैल और जून में जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही सप्लीमेंट्री एग्जाम खत्म कर दिए गए हैं। 12वीं बोर्ड पर अभी यह फैसला लागू नहीं होगा।

#### नए एग्जाम पैटर्न की 3 अहम बातें

दूसरी परीक्षा यानी ऑप्शनल एग्जाम में छात्रों को साइंस, मैथमेटिक्स, सोशल साइंस और लैंग्वेजेस में से किन्हीं 3 सब्जेक्ट में अपनी परफॉर्मेंस सुधारने की इजाजत दी जाएगी।

विंटर बाउंड स्कूलों (सर्दियों में बंद रहने वाले स्कूल) के छात्रों को दोनों परीक्षाओं में से किसी में भी बैठने की इजाजत होगी।

अगर कोई छात्र पहली परीक्षा में 3 या अधिक सब्जेक्ट्स में शामिल नहीं हुआ है, तो उसे दूसरी परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### बुर्का पहनकर घर में घुसा शख्स, लड़की की हत्या की

नई दिल्ली। दिल्ली के अशोक नगर इलाके में बुर्का पहनकर घर में घुसे एक शख्स ने लड़की को 5वीं मंजिल की छत से धक्का दे दिया। आसपास के लोगों ने पीड़ित लड़की नेहा (19 साल) को जीटीबी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। आरोपी की पहचान तौफीक (26 साल) के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के रामपुर का रहने वाला है। घटना सोमवार सुबह करीब 8: 30 बजे की है। घटना के बाद से फरार आरोपी तौफीक को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, तौफीक अपनी पहचान छिपाने के लिए बुर्का पहनकर नेहा के घर में घुसा। सीसीटीवी फुटेज में बुर्का पहने एक शख्स को बिल्डिंग में घुसते और बाहर निकलते देखा गया। हत्या का केस दर्ज कर पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से घटना की जांच कर रही है।

## दिल्ली की इमारत में लगी आग, 4 जिंदा जले

**अधिकारियों ने बताया कि आग लगने का कारण अभी ज्ञात नहीं है और इस संबंध में जांच की जा रही है**

नई दिल्ली। दिल्ली में रोहिणी के रिठाला इलाके में स्थित चार मंजिला इमारत में लगी आग में चार लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, साथ ही कई लोग घायल भी हो गए। मंगलवार शाम को शुरू हुई यह आग करीब 14 घंटे तक भड़की रही और बुधवार सुबह करीब 10 बजे आग पर काबू पा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के बाद इमारत में धुआं भर गया और वहां फंसे लोग मदद के लिए चीखने चिल्लाने लगे। कुछ लोग आग से बचने के लिए ऊपरी मंजिलों से कूदने भी लगे।

इस घटना में यूपी के वाराणसी का रहने वाला वीरेंद्र (25) सुरक्षित बच निकला, हालांकि उसके दोनों पैर झुलस गए और उसे बीएसए अस्पताल ले जाना पड़ा। वीरेंद्र ने बताया कि जब



आग लगी तो वह भूतल पर एक मशीन से काम कर रहा था। उसने बताया, 'आग लगते ही हम अपनी जान बचाने के लिए भागे। यह सब इतना अचानक हुआ कि हम कुछ समझ ही नहीं पाए। हम बस मुख्य द्वार से बाहर भागे, जो बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता था।' वीरेंद्र पिछले डेढ़ साल से फैक्टरी में काम कर रहा है। इस घटना में जीवित बची एक अन्य महिला गीता ने बताया कि जब इमारत में आग लगी तो उस समय वह वहीं पर थी और वहीं काम कर रही थी। गीता ने कहा, 'हमने धुआं देखा, लोगों को चिल्लाते सुना और बस भाग गए।' उसने बताया, 'मैंने पहली मंजिल की बालकनी से छलांग लगा दी, यही बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता था। आग के कारण मुख्य प्रवेश द्वार बंद हो गया था।' गीता के साथ उसी यूनिट में काम करने वाले विनोद कुमार ने दावा किया कि आग भूतल पर लगी थी। इमारत की दूसरी मंजिल पर काम करने वाली एक अन्य जीवित बची संजू ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि वहां से बाहर निकलने के लिए केवल एक ही द्वार था और उसे खुद को बचाने के लिए बगल की बालकनी पर कूदना पड़ा।

अधिकारियों ने बताया कि आग लगने का कारण अभी ज्ञात नहीं है और इस संबंध में जांच की जा रही है। मलबे में कोई दबा है या नहीं यह पता लगाने के लिए तलाश अभियान जारी है। पुलिस ने अब तक आग में झुलसे चार लोगों के शव बरामद किए हैं।

### अर्थसार



सेंसेक्स:
82,755.51
+700.40 (0.85%)
निफ्टी:
25,244.75
+200.40

### मौसम



अधिकतम : 34 डिग्री से0
न्यूनतम : 29 डिग्री से0
सूर्योदय शुक्रवार : 5 : 25
सूर्यास्त गुरुवार : 7 : 44

**खुलासा** — यह खुलासा राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा यहां एक अदालत में जमा किए गए दस्तावेजों से हुआ

## पूर्व जज समेत 972 लोग थे पीएफआई का टारगेट

प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया ने करीब 972 लोगों को निशाना बनाने के लिए एक सूची बनाई थी जिसमें केरल के एक पूर्व जिला न्यायाधीश का नाम भी है। यह खुलासा राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा यहां एक अदालत में जमा किए गए दस्तावेजों से हुआ है। एनआईए के इन दस्तावेजों के अनुसार पीएफआई ने अपनी गुप्त 'रिपोर्टर्स विंग' के माध्यम से अन्य समुदायों के लोगों के पद, नाम, आयु, तस्वीर समेत व्यक्तिगत जानकारी जमा की। एनआईए ने दावा किया कि पीएफआई की तीन इकाई हैं जिनमें 'रिपोर्टर्स विंग', 'फिजिकल एंड




आर्म्स ट्रेनिंग विंग/पीई' और 'सर्विस विंग/हिट टीम्स' हैं। दस्तावेजों में दावा किया गया है कि पीएफआई के अर्द्ध-खुफिया विभाग के रूप में काम करने वाली 'रिपोर्टर्स विंग' ने समाज के प्रमुख व्यक्तियों के अलावा अन्य समुदायों, विशेषकर हिंदू समुदाय के नेताओं की निजी और व्यक्तिगत जानकारी एकत्र की, जिसमें उनकी दिन-प्रतिदिन की गतिविधियां भी शामिल थीं।

एजेंसी ने अदालत से कहा, डेटा को पीएफआई के जिला स्तर पर संकलित किया जाता है और उनके राज्य पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है। विवरण नियमित रूप से अद्यतन किए जाते हैं और आतंकवादी गिरोह द्वारा आवश्यकतानुसार व्यक्तियों को निशाना बनाने के लिए उपयोग में लाए जाते हैं।

विशेष एनआईए अदालत के आदेश में इन दस्तावेजों की सामग्री का उल्लेख किया गया जिसने 2022 के एस के श्रीनिवासन हत्या मामले में कुछ आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी श्रीनिवासन की 16 अप्रैल, 2022 को कथित रूप से पीएफआई के कार्यकर्ताओं ने उनकी दुकान पर हत्या कर दी थी।

एनआईए ने जमानत अर्जी का विरोध करते हुए अदालत से कहा कि मामले में अनेक आरोपियों से जब्त दस्तावेज करीब 972 लोगों की सूची की ओर इशारा करते हैं जिनमें एक 'अन्य समुदाय' के केरल के पूर्व जिला न्यायाधीश हैं और ये लोग प्रतिबंधित संगठन के निशाने पर थे। केंद्र सरकार ने सितंबर 2022 में पीएफआई पर प्रतिबंध लगा दिया था।

## अमरनाथ यात्रा में श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर रहेगा फोकस

चंडीगढ़। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद 3 जुलाई से शुरू होने वाली श्री अमरनाथ यात्रा को सुरक्षित और सुचारू रूप से करवाने के लिए पंजाब पुलिस एक्टिव हो गई। यात्रा के दौरान जम्मू एवं कश्मीर की ओर जाने वाली सभी सड़कों की जिम्मेदारी कमांडेंट स्तर के अधिकारियों को सौंपी गई है।

माधोपुर में 24 घंटे संचालित कमांड एवं कंट्रोल सेंटर स्थापित किया गया है, जिसकी निगरानी एक राजपत्रित अधिकारी द्वारा की जा रही है। यह जानकारी पंजाब के स्पेशल डीजीपी पंजाब अर्पित शुक्ला ने दी। इस दौरान उन्होंने पठानकोट में सेना व विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों की मीटिंग में हिस्सा लिया।

### 9 अगस्त तक चलेगी यात्रा

इस साल श्री अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई 2025 से प्रारंभ होकर 9 अगस्त 2025 तक चलेगी। इस वार्षिक यात्रा में देशभर से लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं, जिनमें से कई श्रद्धालु जम्मू-कश्मीर स्थित पवित्र गुफा जाने के लिए विशेष रूप से पंजाब के पठानकोट जिले से होकर गुजरते हैं। स्पेशल डीजीपी ने वार्षिक तीर्थ यात्रा हेतु सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा और पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के लिए पुलिस, सेना, सिविल प्रशासन और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ उच्च स्तरीय सुरक्षा एवं समन्वय बैठक की अध्यक्षता की।

# संपादकीय

## 'आज भी आपातकाल है — बस घोषणा बाकी है!'



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

'आपातकाल' केवल एक तारीख नहीं थी — 25 जून 1975 — बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र पर लगी एक ऐसी चादर थी, जिसने सत्ता के घमंड, प्रेस की घुटन, और विपक्ष के दमन की भयावह सच्चाई को उजागर किया। पर अफसोस की बात यह है कि आज, 50 साल बाद, वही आपातकाल नए चेहरे में, नए औजारों से, और लोकतंत्र के मुखौटे में फिर से लौट चुका है — बस इस बार घोषणा नहीं हुई है।

### प्रेस की आज़ादी पर नियंत्रण

1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने मीडिया पर सीधे सेंसरशिप लगाई थी। आज वह सेंसरशिप कॉरपोरेट नियंत्रण, सरकारी विज्ञापनों की ब्लैकमेलिंग और आत्म-नियंत्रण (self-censorship) के रूप में ज़िंदा है।

- सरकार विरोधी पत्रकारों को या तो बाहर कर दिया गया है, या उन्हें अदृश्य बना दिया गया है।
- मेनस्ट्रीम मीडिया सरकार के प्रवक्ता की भूमिका में आ चुका है।
- सोशल मीडिया पर सवाल पूछने वालों को ट्रोल आर्मी, आईटी सेल और झूठे मुकदमों से डराया जाता है।

**उदाहरण :** रवीश कुमार का एनडीटीवी छोड़ना, पुण्यप्रसून वाजपेयी और अभिसार शर्मा का बहिष्कार, गौरी लंकेश की हत्या — ये सभी पत्रकारिता पर हमले के जीवित उदाहरण हैं।

### विपक्ष का दमन

आपातकाल में जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी और अन्य नेताओं को जेल भेजा गया था। आज वही परंपरा सत्ता में बैठे नए शासकों ने जारी रखी है — कानूनी रास्तों के ज़रिए।

- ईडी, सीबीआई और आईटी विभाग अब स्वतंत्र संस्थाएँ नहीं, बल्कि सत्ताधारी दल के राजनीतिक हथियार बन चुके हैं।
- विपक्षी राज्यों के मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद तक निशाने पर हैं।
- संसद में विरोध के स्वर दबा दिए जाते हैं — माइक बंद, कैमरा ऑफ, रिकॉर्ड हटाए जाते हैं।

**उदाहरण :** अरविंद केजरीवाल, हेमंत सोरेन, मनीष सिसोदिया, तेजस्वी यादव जैसे नेताओं पर लगातार हमले और गिरफ्तारी।

### नागरिक स्वतंत्रता का हनन

- 1975 में आम नागरिकों की स्वतंत्रता को रौंदा गया था। आज भी, सत्ता की आलोचना करना अपराध बना दिया गया है।
- छात्र आंदोलनों, किसान आंदोलनों, और सामाजिक कार्यकर्ताओं को देशद्रोही करार दिया जाता है।
- भीड़तंत्र को कानून बना दिया गया है — जो सत्ता के ख़िलाफ़ बोले, उसके घर बुलडोज़र चला दो।

**उदाहरण :** सीएए विरोध, शाहीन बाग़ आंदोलन, किसान आंदोलन — सभी में असहमति को गुनाह बना दिया गया।

### न्यायपालिका की चुप्पी

आपातकाल में जजों को ट्रांसफर किया गया, डराया गया। आज वही चुप्पी अदालतों में फिर देखी जा सकती है।

- संविधान से जुड़े बड़े मामलों की सुनवाई सालों से लंबित है।
- अदालतें चुनावी बॉन्ड, पेगासस जासूसी, 370 हटाने, सीएए जैसे मुद्दों पर मौन हैं।

यह चुप्पी खतरनाक है — क्योंकि जब न्याय भी डरने लगे, तो अन्याय को अवसर मिल जाता है।

### चुनाव में विकल्पहीनता

- चुनाव हो रहे हैं, लेकिन 'विकल्प'सर्फ एक ही चेहरा दिखता है।
- जनता का ध्यान महंगाई, बेरोज़गारी, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे मुद्दों से हटाकर धर्म, राष्ट्रवाद और जातीय भावनाओं पर केंद्रित कर दिया गया है।

### आज जो 'काला दिन' बता रहे हैं, वो खुद काले दिन ले आए हैं

यह विडंबना है — जो लोग हर साल 25 जून को आपातकाल का शोर मचाते हैं, वही आज लोकतंत्र को चुपचाप कुचल रहे हैं।

जो तब 'लोकतंत्र बचाओ आंदोलन' चला रहे थे, आज उन्हीं के राज में

- प्रेस डरा हुआ है,
- न्यायालय मौन है,
- विपक्ष जेल में है,
- और जनता भ्रम में है।

तब आपातकाल घोषित था, आज छुपा हुआ है — लेकिन असर और भय वैसा ही है।

### निष्कर्ष

यह आपातकाल नहीं तो क्या है?

ज़तब जेल थी, अब ट्रोल आर्मी है।

ज़तब सेंसरशिप थी, अब कॉर्पोरेट दबाव है।

ज़तब डर था, अब भ्रम है।

ज़तब तानाशाही घोषित थी, अब लोकतंत्र के नाम पर तानाशाही है।

### अब सवाल जनता से है

क्या हम फिर किसी जयप्रकाश की प्रतीक्षा करेंगे?
या खुद आवाज़ उठाएंगे?
क्योंकि अगर हम आज भी नहीं जागे — तो इतिहास फिर खुद को दोहराएगा,
और अगली पीढ़ी पूछेगी :
जब लोकतंत्र घायल था,
तो आप चुप क्यों थे?




# प्रकृति एवं जीवन रक्षा के लिये नदियों का संरक्षण जरूरी

- ललित गर्ग -



भारत में कई नदियां सूखने या प्रदूषित होने के कारण मरने के कगार पर हैं। इन नदियों की हालत इतनी खराब हो गई है कि कुछ तो नालों में बदल गई हैं और उनका नदी होना भी मुश्किल है। नदियों के सूखने और प्रदूषित होने के कारणों में मुख्य हैं, अत्यधिक पानी का दोहन, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन। नदियां जीवन का आधार है, लेकिन तेजी से बढ़ते प्रदूषण, तथाकथित भौतिकवादी सोच एवं नदियों के प्रति उपेक्षा एवं दोहन के कारण कई नदियां अब 'मृत' होने की कगार पर है। गंगा और यमुना जैसी पवित्र नदियां भी दुनिया की प्रदूषित नदियों में शामिल हो चुकी है। राष्ट्रीय स्तर पर नदी प्रबंधन, नदी प्रदूषण और नदी संरक्षण से संबंधित मुद्दों पर लोगों को जागरूक करना नितांत आवश्यक है। नदियां के अत्यधिक ख़तरे में होने से मानव जीवन, पर्यावरण एवं प्रकृति भी संकट में है। जरूरत है मानसूनी जल को नदियों से जोड़ने एवं संरक्षित करने की।

देश में सर्वत्र नदियों का अस्तित्व खतरे में है। विशेषत: उत्तर प्रदेश में नदियों की संख्या लगभग 1,000 है, जिनका 55 हजार किलोमीटर का नेटवर्क है। उनमें से 30 हजार किलोमीटर क्षेत्र में जल घटा है या सूखा है। प्रदेश की 100 छोटी और सहायक नदियां सूख चुकी हैं। बिहार की 50 से अधिक नदियां संकट में हैं। इनमें 32 बड़ी नदियां सूख चुकी हैं, जबकि 18 में पानी थोड़ा बचा है। यमुना नदी भारत की सबसे प्रदूषित नदियों में से एक है और यह अत्यधिक प्रदूषण और पानी के अत्यधिक दोहन के कारण मरने के कगार पर है। साहिबी नदी, जो कभी दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान की एक महत्वपूर्ण नदी थी। ओडिशा में कई नदियां सूख रही हैं और प्रदूषित हो रही हैं, जिससे वहां के पर्यावरण और लोगों के जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। हैरानी की बात है कि गंगा, सोन और अघवारा जैसी बड़ी नदियों में भी पानी कम है। उत्तराखंड में अल्मोड़ा-हल्द्वानी की लाइफलाइन कोसी और गौला नदियों का जलस्तर कम हो रहा है।

महानदी बचाओ आंदोलन और ओडिशा नदी सुरक्षा समिति द्वारा आयोजित ओडिशा नदी सुरक्षा सम्मेलन में राज्य की नदियों की बिगड़ती स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। सरकार से एक समग्र नदी नीति बनाने एवं ओडिशा एवं अन्य प्रांतों की नदियों की स्थिति पर श्वेत पत्र जारी करने की पुरजोर मांग उठी। पर्यावरणविद् राजेन्द्र सिंह ने कहा, ओडिशा की कई नदियां मरने के कगार पर हैं। अगर नदियों का स्वास्थ्य नहीं सुधरा, तो मानव का स्वास्थ्य भी नहीं बचेगा।' बात केवल ओडिशा की ही नहीं है, बल्कि सभी प्रांतों में सिंचाई, औद्योगिक उपयोग और घरेलू जरूरतों के लिए नदियों से अत्यधिक पानी निकाला जा रहा है, जिससे नदियों में पानी की कमी हो गई है। औद्योगिक कचरा, सीवेज और कृषि अपवाह नदियों में प्रवाहित हो रहा है, जिससे पानी प्रदूषित हो रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा के तरीकों में बदलाव आया है, जिससे कुछ क्षेत्रों में सूखे की स्थिति बढ़ गई है और नदियों में पानी का प्रवाह कम हो गया है। नदियों से रेत का अवैध खनन भी नदियों के पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचा रहा है और नदियों के बहाव को बदल रहा है। जंगलों की कटाई से मिट्टी का कटाव बढ़ रहा है, जिससे नदियों में गाद जमा हो रही है और उनकी गहराई कम हो रही है।

भारत नदियों का एक अनोखा देश है जहां नदियों को पूजनीय माना जाता है। गंगा, यमुना, महानदी, गोदावरी, नर्मदा, सिंधु (सिंधु), और कावेरी जैसी नदियों को देवी-देवताओं के रूप में पूजा जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में बनाया गया जल शक्ति मंत्रालय, नदी घाटियों में आर्द्रभूमि के पुनरुद्धार और संरक्षण और नदी प्रदूषण के खतरनाक स्तर से निपटने पर ध्यान केंद्रित करता है। देश के समक्ष वाटर विजन 2047 प्रस्तुत किया गया है यानी आजादी के सौ वर्ष पूरे होने तक देश को प्रत्येक वह कार्य करना है, जो देश को पानी के मामलों में सबल बना सके।

इसमें हमारी नदियां भी शामिल हैं। हमें अपनी नदियों को 2047 तक निर्मल व अविरल बनाने के संकल्पित लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ना होगा। भारत की नदियों की दिन-ब-दिन बिगड़ती हालत एवं बढ़ते प्रदूषण पर पिछले चार दशकों से लगभग हर सरकार कोरी राजनीति कर रही है, प्रदूषणमुक्त नदियों का कोई ईमानदार प्रयास होता हुआ दिखाई नहीं दिया है।

नदियां हमारे जीवन की जीवन रेखा है, गति है, ताकत है। ये पानी, बिजली, परिवहन, मछली और मनोरंजन के लिए स्रोत हैं। नदियां पर्यावरण के लिए भी बहुत फ़ायदेमंद हैं। नदियों के किनारे बसे शहरों की वजह से ये आर्थिक रूप से भी अहम हैं, इनसे ताज़ा पीने का पानी मिलता है, बिजली बनती है, खेती के लिए ज़रूरी उपजाऊ मिट्टी मिलती है। नदियों से जल परिवहन होता है। नदियां मरेंगी तो समाज मर जाएगा। नदियों पर खतरे के तीन बड़े कारण हैं और इन्हें पुनर्जीवन के लिए सरकारी एवं सामाजिक स्तर पर गंभीरता से प्रयास करने की जरूरत है।

देश में जनसंख्या का दबाव बढ़ने के साथ ही जमीनों की कीमतें बढ़ीं, इसके साथ ही नदी किनारे भूमि पर अतिक्रमण, सिंचाई के लिए भूजल शोषण और नगरों के गंदों नालों से बढ़ता प्रदूषण नदियों के लिए गंभीर खतरा बन गए और छोटी बड़ी तमाम नदियां सूख रही है। कई नदियां बेमौत मर गईं। केंद्र व प्रदेश की सरकार को सबसे पहले नदियों की जमीन का सीमांकन व चिह्नांकन कराने के साथ ही राजस्व नक्शे में नोटिफिकेशन करना चाहिए। तभी कुछ सुधार की संभावना है।


नदियां मानव अस्तित्व का मूलभूत आधार है और देश एवं दुनिया की धमनियां हैं, इन धमनियों में यदि प्रदूषित जल पहुंचेगा तो ?शरीर बीमार होगा, लिहाजा हमें नदी रूपी इन धमनियों में शुद्ध जल के ?बहाव को सुनिश्चित करना होगा। नदियों को राष्ट्रीय संपत्ति घोषित किये जाने की जरूरत है। देश में नदी जल एवं नदियों के लिए कानून बने हुए है, आवश्यक हो गया है कि उस पर पुनर्विचार कर देश के व्यापक हित में विवेक से निर्णय लिया जाना चाहिए। हमारे राजनीतिज्ञ, जिन्हें सिर्फ वोट की प्यास है और वे अपनी इस स्वार्थ की प्यास को इस पानी से बुझाना चाहते हैं। नदियों को विवाद बना दिया है, आवश्यकता है तुच्छ स्वार्थ से ऊपर उठकर व्यापक मानवीय हित के परिप्रेक्ष्य में देखा जाये। यह किसी से छिपा नहीं है कि हमारे देश में गर्मी और लू के दिन जहां बढ़ रहे हैं, वहीं बरसात के दिन घटते जा रहे हैं। अब जलवायु परिवर्तन की मार देश के दूरस्थ अंचल तक दिख रही है। ऐसे में मानसूनी वर्षा के जल को यदि सलीके से नहीं सहेजा गया तो देश की सामाजिक-आर्थिक-प्राकृतिक स्थिति पर जल-संकट का बड़ा घातक प्रभाव होगा। नदियों के लिए ताजा पानी उपलब्ध कराने, जैव विविधता को बढ़ावा देने से लेकर जलवायु को नियंत्रित करने और सांस्कृतिक परंपराओं को बनाए रखने तक स्वस्थ, निर्मल एवं पवित्र मुक्त बहने वाली नदियां को संरक्षित करना जरूरी है। तालाब संरक्षण की बात तो सभी करते हैं, लेकिन आज जरूरी है कि छोटी नदियों की भी सुध ली जाए।

आज गंदे पानी को नदी जल से अलग रखने के विषय पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। इस गंदे पानी को उपचारित करके उसे कृषि कार्यों व उद्योगों में उपयोग में लाया जा सकता है। हमारी जिन नदियों ने नालों का रूप धारण कर लिया है, उन्हें पुन: नदी बनाने की जरूरत है, नदियों के प्रति मित्रवत व्यवहार रखना तथा उनकी चिंता करना जरूरी है। हम नदियों की रक्षा में अग्रणी समुदायों और नागरिक समाज के आंदोलनों को मजबूत करना होगा। मजबूत डेटा और साक्ष्य उत्पन्न करने के लिए खोजी अनुसंधान को बल देना होगा। विनाशकारी परियोजनाओं का पर्दाफाश करने और उनका विरोध करने के अभियानों को स्वतंत्र और निडर बनाये।

अगर इस ग्रह पर कोई जादू है तो वह पानी में है। यह हमें अपनी अर्थव्यवस्था के एक हिस्से के रूप में व्यापार और वाणिज्य के लिए सस्ता और कुशल अंतर्देशीय परिवहन भी प्रदान करता है। यह पृथ्वी पर सबसे विविध और लुप्तप्राय वन्यजीवों में से कुछ का घर भी है।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3572




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो - 3571 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

प्रेमी पति (पत्नी को खुश करने के लिए बोला)- डार्लिंग! अब झगड़ा बंद भी करो, मैं शांति के साथ रहना चाहता हूँ।

पत्नी- हाँ-हाँ, तो जाओ ना। रहो तुम अपनी शांति के साथ...! मैं भी अब अपने रमन के साथ रहना चाहती हूँ।

□ □ □

प्रेमी (पत्नी से)- आज तुम्हें मेरा बाँसुरी बजाना बुरा लगता है, लेकिन एक दिन मेरे बाँसुरी बजाने पर ही रीझ कर तुमने मुझसे शादी की थी।


पत्नी गुस्से से बोली- हाँ... की थी, लेकिन बाँसुरी बजाने पर रीझ कर नहीं, बल्कि यह सोच कर शादी की थी कि जिस तरह तुम बाँसुरी में फूँक मारते हो, उसी तरह मेरे घर का चूल्हा भी अच्छी तरह फूँकोगे।

□ □ □

कवि (पत्नी से), "तुम्हे पता होना चहिए कि मैं वीर रस का कवि हूं और लोग मेरे बारे कहते हैं कि मैं अपनी कविताओं से संसार में आग लगा सकता हूं।"

पत्नी, अब अपनी प्रशंसा करना बंद करें और प्लीज जरा चूल्हे में आग जला दें।

## फिल्म वर्ग पहेली - 3572



### बायें से दायें:-

१. कारगिल युद्ध पर बनी जे. पी. दत्ता की बहु-सितारा फिल्म-२,१,१
३. 'रूप सलोना तेरा' गीत वाली सनी, अक्षय, मनीषा की फिल्म-२,३
६. आमिर, माधुरी दीक्षित की 'खंभे जैसी खड़ी है' गीत वाली फिल्म-२
७. 'अपना बनाना है' गीत वाली अनिल कपूर, शिल्पा, करिश्मा की फिल्म-२
८. कुमार गौरव, माधुरी की 'पहली बारिश मैं और' गीत वाली फिल्म-२
९. 'रिमझिम के गीत' गीत वाली राजेंद्र कुमार, बबीता की फिल्म-४
१२. 'छोटा कद और पेट बड़ा' गीत वाली संजयदत्त, नम्रता की फिल्म-३
१३. अजय देवगन, मधु, सोनाली की 'किसी के इश्क' गीत वाली फिल्म-४
१५. फिल्म 'साया' में जॉन अब्राहम की नायिका कौन थी-२
१८. अक्षय कुमार, माधुरी की 'अब तेरे दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'सात सुरों के तार' गीत वाली जैकी, माधुरी दीक्षित की फिल्म-३
२१. फरदीन, करीना की 'तेरे बिना तेरे बिना' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'डैडी कूल कूल' गीत वाली शाहरूख खान, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२३. राजीव कपूर, डिम्पल की 'कोई भी नाम दो' गीत वाली फिल्म-२
२४. अभिनेत्री पूजा भट्ट के पिता-३
२६. दिलीपकुमार, वहीदा रहमान की 'कल के सपने' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'तुझे ना देखूँ तो' गीत वाली जीतेंद्र, कमल सदाना, दिव्या की फिल्म-२
३०. सुमीत सहगल, शिखा की 'पीछे पीछे आजा' गीत वाली फिल्म-४

### ऊपर से नीचे:-

१. 'दिल लगाने की' गीत वाली अक्षय, अमिताभ, राखी, जूही की फिल्म-२,२
२. अतीन भल्ला, संदली की एक फिल्म-२
३. 'पहला पहला प्यार' गीत वाली फिल्म-२
४. संजयदत्त, काजोल की 'आवाज दो हमको' गीत वाली फिल्म-३
५. 'मैं तेरी दुश्मन' गीत वाली फिल्म-३
६. अजय देवगन, रवीना की 'कितना हसीन चेहरा' गीत वाली फिल्म-४
९. राजेश खन्ना, शबाना आजमी की फिल्म-४
१०. जैकी श्रॉफ, रति की 'जितना कभी किसी ने' गीत वाली फिल्म-२
११. 'दिलवालों के दिल का' गीत वाली मनोज वाजपेयी, रवीना की फिल्म-२
१३. सनी, बॉबी, उर्मीला की 'कोई नहीं है' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'तुम आए तो आया' गीत वाली अजय देवगन, पूजा भट्ट की फिल्म-२
१६. 'कहाँ से आई रानी' गीतवाली फिल्म-२,२
१७. 'मैं जब बोलूँ हाँ' गीत वाली जीतेंद्र, नीतूसिंह की फिल्म-४
१८. अशोककुमार, सुमिता की 'रेलगाड़ी रेलगाड़ी' गीत वाली फिल्म-४
१९. 'दोस्त दोस्त ना रहा' गीत वाली फिल्म-३
२०. अक्षय, करिश्मा की 'दिल ले गया' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'रजिया सुल्तन' में रजिया सुल्तन की शीर्षक भूमिका किसने की हैं-२
२६. 'तेरा क्या लगता है' गीत वाली फिल्म-२
२७. फिल्म 'काजल' की नायिका कौन थी-३
२८. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 3571



## सूडोकु - 3572

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3571 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## शब्द पहेली - 3572



### बाएँ से दाएँ

1.असहकार-5
4.शत्रुता,दुश्मनी-4
7.नाच,नृत्य (उर्दू-2)
8.विष्णु का वाहन-3
9.मादा का विलोम-2
10.ईश्वर,शिव-4
11.संज्ञा,संबोधन-2
13.वेग,गति-3
14.महसूल,राहदरी-2
15.अंधकार,अंधेरा-3
17.कुंजी,ताली-2
19.गोलाकार-5
22.इतरता,बेगानापन-5
25.समय,वक्त-2
26.स्याही का पात्र-3
28.अच्छा,सद् पुरुष-2
29.अदृश्य-3
30.मिट्टी,धूल-2
32.नट,बाजीगरी करने वाला-4
34.टैक्स,हाथ-2
36.बोलने का तरीका-3
37.खदान-2
38.जो जायज न हो-4
39.श्री रामचंद्र का नाम-5

### ऊपर से नीचे

1.तराजू डंडा,पासा-2
2.पराजित करना-3
3.बहुत लंबा -5
4.रुकना,अड़ जाना-3
5.जंगल,कानन-2
6.तीर रखने का पात्र-4
7.सार-संभाल-2,3
10.पूंजी,धन-4
12.वोट,राय-2
16.राजा,महाराजा-3
17.चतुर्थ,चौथा-2
18.हलवा-2
20.पक्षाघात-3
21.तन,देह-2
22.क्षण-2
23.स्मारक-4
24.चोर,लुटेरा-5
25.जैकी श्राफ, अनिल कपूर,किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26.टूटना,बिखरना-4
27.पानी से सराबोर-2
31.कमल,नीरज-3
33.बादलों की गड़गड़ाहट-3
35.छुट्टी,अवकाश-2
37.राख,मिट्टी-2

### शब्द पहेली -3571 का हल



# नोएडा में कामर्शियल भूखंड आवंटन में देना होगा लोकेशन चार्ज

## यूनीफाइड पॉलिसी के तहत मेट्रो के पास 10 प्रतिशत और एक्सप्रेस वे पर 17.5 प्रतिशत लोकेशन चार्ज

**नोएडा।** प्राधिकरण में कामर्शियल बिल्डर भूखंड का आवंटन यूनिफाइड पॉलिसी के तहत किया जाएगा। इसके लिए आवंटी को भूखंड की आवंटन दर के अलावा लोकेशन चार्ज भी देना होगा।

ये लोकेशन चार्ज प्रॉपर्टी के हिसाब से 10 प्रतिशत और 17.5 प्रतिशत तक है। हालांकि अंतिम निर्णय पर्सपेक्टिव निवेशकों के रिस्पांस के बाद लिया जाएगा।

प्राधिकरण 20 हजार वर्गमीटर और इससे कम वर्गमीटर की कामर्शियल बिल्डर भूखंड योजना लेकर आ रहा है।

बोर्ड में इसके ब्रोशर को पास कर दिया गया है। प्राधिकरण का कहना है कि भूखंड दरों की कैलकुलेशन में लोकेशन चार्ज लगाए गए है।

इस कारण योजना में शामिल भूखंडों की दर में 10 से 17.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो गई है। इससे पहले प्राधिकरण की कामर्शियल योजनाओं पर लोकेशन चार्ज नहीं लगाता था।




### रिस्पांस के बाद होगा निर्णय

प्राधिकरण ने बताया कि कामर्शियल भू उपयोग की आवंटन दर पहले ही अधिक होने से योजना में निवेशकों की रूचि कम रही है। लोकेशन चार्ज लगने से आवंटन दर में और बढ़ोतरी हो जाएगी।

जिससे निवेशक कही और हतोत्साहित न हो जाए। हालांकि बोर्ड ने यूनिफाइड पॉलिसी के अनुसार ही योजना को निकालने का निर्णय लिया है। अंतिम निर्णय निवेशकों के रिस्पांस के बाद तय किया जाएगा।

### अलग-अलग है लोकेश चार्ज

प्राधिकरण ने बताया कि यहां भूखंडों पर दो तरह के लोकेशन चार्ज है। पहला यदि भूखंड मेट्रो के पास है तो उसके लिए 10 प्रतिशत लोकेशन चार्ज लिया जाएगा और यदि लोकेशन एक्सप्रेस वे पास है वहां 17.5 प्रतिशत लोकेशन चार्ज होगा। ये दर भूखंड की कुल का प्रतिशत होगा।

# नोएडा में सवा तीन करोड़ ठगी में दो गिरफ्तार

## निवेश में मुनाफा दिखाकर की थी ठगी, 43 लाख कराए थे फ्रीज

**नोएडा।** निवेश पर कई गुना मुनाफा मिलने का झांसा देकर कारोबारी के साथ साइबर ठगी करने गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। साइबर क्राइम थाने की पुलिस द्वारा दबोचे गए आरोपियों के खाते में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई थी। विवेचना में दोनों आरोपियों का नाम सामने आया था। एडिशनल डीसीपी साइबर मनीषा सिंह ने बताया कि 12 जून को सेक्टर-27 निवासी व्यक्ति साइबर थाने पहुंचा और खुद के साथ निवेश के नाम पर तीन करोड़ 26 हजार रुपए की ठगी होने की शिकायत दी।

### निवेश में लाभ दिखाया

निवेश पर लाभ कमाने का झांसा देकर ठगों ने विभिन्न खातों में उससे रकम ट्रांसफर करा ली थी। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ केस दर्ज किया और मामले की जांच शुरु कर दी। एडीसीपी साइबर की अगुवाई में टीम ने जब जांच आगे बढ़ाई तो सामने आया कि हाथरस के सासनी निवासी दो युवकों के खाते में ठगी की कुछ रकम गई है। इसके बाद उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने दबिश देना शुरू किया। बुधवार को दोनों को यमुना एक्सप्रेसवे से गिरफ्तार कर लिया गया।



### 43 लाख रुपए कराए फ्रीज

आरोपियों की पहचान सुमित शर्मा और आकाश शर्मा के रूप में हुई। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज करते ही ठगी की 43 लाख रुपए की रकम को फ्रीज करा दिया था। 25 लाख रुपए पीड़ित के मूल खाते में वापस पहुंच जाए इसके लिए भी साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने संबंधित बैंक के अधिकारियों को मेल किया है। आरोपियों के जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई, पुलिस ने जब उन खातों को एनसीआरपी पोर्टल पर चेक किया तो इसपर दो शिकायतें यूपी और चेन्नई में दर्ज हुई मिली।

### नेपाल से खाता किया आपरेट

पूछताछ में आरोपी सुमित शर्मा ने बताया कि उसने अपने साथी के साथ मिलकर धोखाधड़ी की और ठगी के 22 लाख रुपए प्राप्त किए। सुमित शर्मा के खाते पर एक एनसीआर चेन्नई में दर्ज है। ठगी में सुमित की मदद उसके दोस्त आकाश शर्मा ने की। सुमित के खाते को आकाश ने ऑपरेट किया और नेपाल जाकर खाते में प्राप्त की गई, यहीं से रकम को अन्य खातों में ट्रांसफर कर दिया।

# ग्रेटर नोएडा में अवैध प्लॉटिंग पर कार्रवाई

## भनौता गांव में 40 हजार वर्ग मीटर जमीन कराई खाली

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अधिसूचित क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। प्राधिकरण ने बुधवार को भनौता गांव में 40 हजार वर्ग मीटर जमीन खाली करा ली। इस जमीन की कीमत लगभग 80 करोड़ रुपये आंकी गई है। सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। भनौता गांव के खसरा संख्या-366 पर कुछ कालोनाइजर अवैध प्लॉटिंग कर रहे थे। प्राधिकरण ने पहले नोटिस जारी किया, लेकिन कालोनाइजर चोरी-छिपे अवैध कॉलोनी काटने की कोशिश में लगे रहे।

एसीईओ प्रेरणा सिंह के निर्देश पर परियोजना विभाग की टीम ने कार्रवाई की। महाप्रबंधक एके सिंह के नेतृत्व में ओएसडी भूलेख राम नयन सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक सन्नी यादव समेत अन्य अधिकारियों की टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर अतिक्रमण हटाया। प्राधिकरण की टीम ने 6 जेसीबी और 5 डंपर की मदद से तीन घंटे में यह कार्रवाई पूरी की। प्राधिकरण अधिसूचित क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है। एसीईओ सुमित यादव ने अतिक्रमण करने वाले को चेतावनी दी है कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में बिना अनुमति या बिना नक्शा पास कराए अवैध निर्माण कर ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसीईओ ने जनमानस से अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें। अवैध कॉलोनी में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं।



# नोएडा में धर्म बदलकर निकाह करने का दबाव

**नोएडा।** फेज-दो क्षेत्र की एक कंपनी में काम करने वाली एक महिला ने दूसरे समुदाय के पिता-पुत्र पर ब्लैकमेल करके दो लाख रुपए ऐंठने और जबरन धर्म परिवर्तन करके निकाह के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। मूलरूप से जिला जालौन की रहने वाली पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह कुछ समय पहले तक नोएडा की एक प्राइवेट कंपनी में काम करती थी। इस कंपनी में खीरी निवासी आजिम उर्फ नाजिम भी काम करता था। यहां दोनों की मुलाकात हुई।

### निकाह करने का बनाया दबाव

आरोप है कि आजिम ने उसे झांसे में लेकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे करके आरोपी ने पीड़िता ने दो लाख रुपए भी ऐंठ लिए। इसके बाद आरोपी ने उस पर जबरन धर्म परिवर्तन करके निकाह करने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। बात न मानने पर धमकी देने लगा। पीड़िता का कहना है कि जब उसने मना कर दिया तो आरोपी ने पीड़िता के भाईयों और बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। साथ ही कहा कि जो उसके रास्ते में आएगा वह उसकी हत्या कर देगा।

### फोटो और वीडियो की वायरल

पीड़िता किसी तरह नोएडा छोड़कर जिला जालौन स्थित अपने पैतृक गांव पहुंची। जहां पता चला कि आरोपी ने महिला के फोटो और वीडियो से छेड़छाड़ करके सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसके चलते पीड़ित को मानसिक पीड़ा हो रही है। पीड़िता का कहना है आरोपी का पिता कमलुद्दीन आपराधिक प्रवृत्ति का है। वह उसके परिजन को हत्या की धमकी दे रहा है। आरोपी और उसके परिजन वर्तमान में सेक्टर-87 में रहते हैं।

# नोएडा में 9 करोड़ की धोखाधड़ी में दो गिरफ्तार

## केशलैस स्कीम के तहत एमसीडी से अपने खाते में ट्रांसफर कराई थी रकम

**नोएडा।** नोएडा की साइबर पुलिस ने नौ करोड़ रुपए की धोखाधड़ी मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें पहला अस्पताल में रिकवरी आफिसर के पद पर था। दूसरा अकाउंट सेक्शन का कर्मचारी है। इन दोनों ने मिलकर ही केशलैस स्कीम के तहत आने वाला पैसा अपने खाते में ट्रांसफर कराया था। इनके नाम वैभव कुमार और अंकुर त्यागी है। दोनों की गिरफ्तारी गाजियाबाद से की गई। इनके कब्जे से कुल 77330 कैश के साथ एक आइफोन-15 प्रो बरामद किया गया।

एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि आरोपी वैभव अस्पताल में रिकवरी ऑफिसर के पद पर कार्य करता था। उसने अपने साथी अंकुर त्यागी के साथ मिलकर अस्पताल का खाता अपने पर्सनल खाते से बदलवा दिया। बतौर इसके लिए अस्पताल की अधिकृत ईमेल आईडी के माध्यम से एमसीडी के अकाउंट सेक्शन को एक मेल भेजा गया। जिसमें पूर्व से एमसीडी द्वारा अस्पताल को दी जाने वाली केशलैस धनराशि के अकाउंट को परिवर्तित करने का अनुरोध किया गया था।



### पैसा डालने के लिए भेजे तीन अकाउंट

अस्पताल के बैंक अकाउंट के स्थान पर वैभव कुमार ने एमसीडी को तीन नए अकाउंट भेजे। जिसमें केशलैस से संबंधित धनराशि को देने का अनुरोध किया गया। जिस पर एमसीडी द्वारा विभिन्न मरीजों के केशलैस व्यवस्था से संबंधित मेडिकल बिल का भुगतान उन खातों में कर दिया गया। मेडिकल भुगतान की धनराशि को वैभव कुमार द्वारा अपने अन्य साथियों के माध्यम से निकालकर आपस में बांट लिया गया था। ये एकाउंट शुभन ने दिलवाए थे। जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

### दिल्ली के अस्पताल में हुई थी दोस्ती

पूछताछ के दौरान बताया कि वह पहले कड़कडडूमा दिल्ली के एक अस्पताल में रिकवरी ऑफिसर के पद पर कार्य करता था। वहां उसकी मुलाकात विजय कुमार अग्रवाल व अंकुर त्यागी से हुई। अंकुर त्यागी अपने रिश्तेदार के साथ अस्पताल चलाता था। वहीं से इन लोगों में दोस्ती हो गई। फिर वैभव नोएडा स्थित अस्पताल में रिकवरी अधिकारी के पद पर कार्य करने लगा। यहां विजय द्वारा सलाह दी गई कि यदि वह अस्पताल के अकाउंट को बदलकर कोई नया अकाउंट एमसीडी को मेल कर दे।

उसकी एमसीडी के अकाउंट सेक्शन में बात हो गई है वह उन बैंक अकाउंट में रुपये ट्रांसफर कर देगा। उस पैसे को हम लोग आपस में मिलकर बांट लेंगे। वैभव द्वारा नये बैंक अकाउंट एमसीडी को भेजे गए। जिस पर एमसीडी द्वारा उन अकाउंट में रुपए ट्रांसफर कर दिया गया। जो 03 बैंक अकाउंट में कई ट्रांजैक्शन के माध्यम से करीब 09 करोड़ रुपए की धनराशि ट्रांसफर की गई थी।

# नोएडा पुलिस ने मुठभेड़ के बाद बदमाश किया गिरफ्तार

## 17 मुकदमे है दर्ज, करता है चेन और मोबाइल स्नेचिंग, 900 मीटर तक किया पीछा

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने चेन और मोबाइल स्नेचर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। इसके पास से पीली धातु की चेन और नकदी बरामद की गई। बदमाश पर दिल्ली और नोएडा में करीब 17 मुकदमे दर्ज है। इसका रिकार्ड अन्य जनपद को भेजा जा रहा है।

### कैसे हुई मुठभेड़

नोएडा की थाना फेज-1 पुलिस सेक्टर-14 के पीछे गंदे नाले के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान दिल्ली के अशोक नगर की तरफ से एक बाइक आते दिखी। संदिग्ध लगने पर पुलिस ने बाइक सवार को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखते ही बाइक मोड़कर सेक्टर-16 की तरफ जाने वाले गंदे नाले की पटरी पर भगाने लगा। पुलिस टीम ने करीब 900 मीटर तक बाइक सवार का पीछा किया। बाइक रोकने की वॉर्निंग दी।

हड़बड़ाहट में बाइक फिसल कर गिर गई। बदमाश ने अपने आप को घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस ने जवाबी एक्शन लिया और वॉर्निंग देते हुए फायर किया। बदमाश के पैर में गोली लगी। घायल बदमाश की पहचान अरूण कुमार उर्फ अरूण सागर उर्फ गोलू निवासी कल्याणपुरी दिल्ली हुई। पुलिस ने गिरफ्तार कर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है।



इसके पास से एक तमंचा एक खोखा कारतूस व एक जिंदा कारतूस व पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए।

### 10 हजार नकद बरामद

इसके अलावा स्नैचिंग की गई पीली धातु की चैन का गला हुआ टुकड़ा, चैन व मोबाइल फोन को बेचकर मिले 10000 रुपए नकद व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई। पूछताछ में बदमाश ने बताया कि अपने साथी के साथ हाल ही में चैन छीनने की घटना की है। जिसके मुकदमा थाना फेज-1 और सेक्टर-24 थाने में दर्ज है।

## अजनारा होम्स में पानी का दुरुपयोग

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर 16बी स्थित अजनारा होम्स सोसाइटी को पानी के दुरुपयोग के लिए प्राधिकरण ने दंडित किया है। प्राधिकरण के जल विभाग ने सोसाइटी पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। जल विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार के अनुसार, सोशल मीडिया पर सोसाइटी में पानी की किल्लत की शिकायतें सामने आईं। जांच में पता चला कि सोसाइटी का मोटर पंप खराब था। इसके अलावा, प्राधिकरण की पेयजल आपूर्ति का उपयोग बागवानी, फ्लशिंग और हाउसकीपिंग के लिए किया जा रहा था। एनजीटी के आदेशों के अनुसार, इन कार्यों के लिए केवल एसटीपी के शोधित जल का उपयोग किया जा सकता है। सोशल मीडिया पर पानी की किल्लत की शिकायतों से प्राधिकरण की छवि को नुकसान पहुंच रहा था। प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने सोसाइटी प्रबंधन को पानी के नेटवर्क को सही रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने बागवानी और अन्य गैर-पेय कार्यों के लिए केवल शोधित जल के उपयोग पर जोर दिया है।

# नोएडा में बिल्डर-ठेकेदार पर मुकदमा

**27वीं मंजिल से गिरकर हुई थी दो मजदूरों की मौत, सुरक्षा उपकरण न लगाने और लापरवाही का आरोप**

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के यमुना प्राधिकरण सेक्टर 25 में एक निर्माणाधीन इमारत से गिरकर दो चचेरे भाइयों की मौत के मामले में पुलिस ने बिल्डर और ठेकेदार पर केस दर्ज किया है। यह घटना 21 जून की रात को हुई थी।

ग्रेटर नोएडा के यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 25 में स्थित एक बिल्डर साइट पर 2 मजदूरों की मौत हो गई थी। मृतक गाजियाबाद के ढबारसी गांव के रहने वाले चचेरे भाई आमिर (19) और सुहेल (23) थे।

शनिवार की देर रात को दोनों 27वीं मंजिल पर अन्य मजदूरों के साथ काम कर रहे थे। अचानक बिजली चली गई और मंजिल पर अंधेरा हो गया।

इसी दौरान पैर फिसलने से दोनों भाई नीचे गिर गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई थी।

घटना की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजन और भारतीय किसान यूनियन महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता भाटी मौके पर पहुंचे।

परिजनों ने बिल्डर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शव रखकर करीब 2 घंटे तक प्रदर्शन किया। बिल्डर द्वारा आर्थिक मदद और नौकरी का आश्वासन देने के बाद ही परिजनों ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की सहमति दी।

### जांच में लापरवाही आई सामने

पुलिस जांच में सामने आया कि बिल्डर हनी कात्यान और ठेकेदार बीएन पांडे ने काम के दौरान सुरक्षा उपकरण नहीं लगवाए थे। इस लापरवाही के कारण दोनों मजदूरों की जान गई।

हालांकि घटना के बाद बिल्डर ने पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद दी थी।

इसलिए परिवार ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई थी। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शार्ट न्यूज

## ग्रेटर नोएडा वेस्ट में ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाइ

### नो पार्किंग में खड़ी 25 गाड़ियां टो, 65 वाहनों के चालान कटे

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में अवैध पार्किंग के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। डीसीपी सेंट्रल नोएडा के निर्देशन में बिसरख पुलिस ने ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर अभियान चलाया। गोल्डन-1, गौर सिटी मॉल और चेरी काउंटी क्षेत्र में यह कार्रवाई की गई। नो पार्किंग जोन में खड़े 25 वाहनों को टो किया गया। साथ ही ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले 65 वाहनों के चालान काटे गए। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति अवस्थी ने बताया कि स्थानीय निवासियों की शिकायत थी कि अवैध रूप से पार्क किए गए वाहनों की वजह से क्षेत्र में जाम की स्थिति बनती है। इस समस्या के समाधान के लिए पुलिस प्रशासन ने यह कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

## नोएडा में छह घंटे में मिली लापता बच्ची

**नोएडा।** नोएडा के थाना फेज दो स्थित गांव में घर के बाहर खेलते समय संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई सात साल की बच्ची को पुलिस ने छह घंटे में बरामद कर लिया। सराहनीय पहल के लिए परिजनों ने पुलिस का आभार प्रकट किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मंगलवार को एक व्यक्ति ने थाने पर आकर सूचना दी कि उसकी सात साल की बच्ची कई घंटे से गायब है। उसके साथ अनहोनी होने की आशंका जताई। काफी तलाश करने के बाद भी बच्ची के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। मामला संज्ञान में आते ही बच्ची की सकुशल बरामदगी के लिए एक टीम गठित की गई। बच्ची के घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जाने लगा। करीब छह घंटे की मेहनत के बाद बच्ची को पुलिस ने तलाश लिया। बच्ची ने बताया कि वह खेलते-खेलते घर से काफी दूर निकल आई और रास्ता भूल गई। बच्ची को उसके परिजनों से मिलवा दिया गया है।

## नोएडा में सड़क हादसे में 2 की मौत

**नोएडा।** थाना फेस -3 क्षेत्र मे सोमवार की देर रात को हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल मे भर्ती करवाया गया, जहां पर उनकी मौत हो गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। बताया गया कि दोनों के सिर में गंभीर चोट लगी थी। जिससे काफी खून निकल गया था। थाना फेस- 3 के प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि सोमवार की देर रात करीब 2 बजे मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे विकास (21) तथा प्रियांशु (20) को सेक्टर 65 के पास एक वाहन चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दिया। उन्होंने बताया कि दोनों इस घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस द्वारा उन्हें उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। यहां पर उपचार के दौरान आज तड़के उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है।

## अवैध निर्माण हटाने गई टीम से अभद्रता

**नोएडा।** नोएडा के बसई गांव में प्राधिकरण के एक अधिकारी के साथ अभद्रता की गई। नौबत मारपीट तक आ गई थी। किसी तरह वो वहां से निकले और पुलिस को जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची थाना फेज-3 पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया कि प्राधिकरण की टीम बसई गांव में अवैध निर्माण को हटाने पहुंची थी। यहां अवैध निर्माण हटाने के दौरान ही बहसबाजी और धक्कामुक्की की गई। इसके बाद मौके पर दोबारा से प्राधिकरण अधिकारी बातचीत करने गए थे। प्राधिकरण ने बताया कि बसई गांव में अवैध निर्माण है। जिसको हटाने के लिए बुधवार दोपहर को एक टीम बसई गांव पहुंची। यहां अवैध निर्माण हटाने के बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान ही स्थानीय निवासियों के साथ कहासुनी हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने उनको समझाया। कहासुनी बढ़ी तो टीम वापस आ गई। इस बीच प्राधिकरण के सीनियर मैनेजर गांव पहुंचे वहां लोगों से बातचीत की। इस दौरान उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। बताया गया कि उनके साथ मारपीट भी की गई। इस मामले में किसान और प्राधिकरण दोनों तरफ से शिकायत दी जा रही है।

## किसान एकता महासंघ की बैठक में लिया बड़ा फैसला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के अट्टा फतेहपुर गांव में बुधवार को किसान एकता महासंघ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मास्टर इंद्रपाल ने की। संचालन अरविंद सेक्रेटरी ने किया। राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राजेंद्र चौहान ने बताया कि बैठक में किसानों की प्रमुख मांगों पर चर्चा हुई। इनमें 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा, बैक लीज, आबादी निस्तारण और रोजगार शामिल हैं। इन मांगों को लेकर जल्द ही आंदोलन किया जाएगा। बैठक में संगठन का विस्तार भी किया गया। शिवराज नागर को तहसील अध्यक्ष सदर बनाया गया। रज्जाक अहमद को तहसील उपाध्यक्ष सदर की जिम्मेदारी दी गई। भगत सिंह को तहसील सचिव सदर नियुक्त किया गया। शहजाद हसन को ग्राम अध्यक्ष और आबिद हसन को ग्राम उपाध्यक्ष बनाया गया। ग्राम इकाई में मोहम्मद साजिद, जमशेद, आमिर और मोहम्मद नूर हसन समेत कई लोगों को शामिल किया गया। बैठक में राष्ट्रीय संरक्षक चौधरी बाली सिंह और राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कसाना मौजूद रहे। इसके अलावा पप्पू प्रधान, रवि नागर, गजराज कसाना, अमित नागर, मास्टर मनु नागर, राजवीर ठेकेदार और सोनू कसाना सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## धनपुरा में 20 दिनों से बिजली नहीं

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर तहसील स्थित धनपुरा गांव में बिजली की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (कृषक शक्ति) के बैनर तले रबूपुरा बिजली घर पर धरना प्रदर्शन किया। गांव में पिछले 20 दिनों से बिजली नहीं आ रही है और सभी ट्रांसफार्मर खराब पड़े हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग के अधिकारियों को कई बार समस्या से अवगत कराया गया। लेकिन न केवल समाधान नहीं किया गया, बल्कि जेई ने फोन पर अभद्र व्यवहार भी किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमन ठाकुर ने बिजली विभाग की लापरवाही पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में किसान, मजदूर और महिलाएं शामिल हुईं। बिजली विभाग के अधिकारियों ने तत्काल समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस आश्वासन पर धरना समाप्त कर दिया गया। अमन ठाकुर ने चेतावनी दी कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा।

## नोएडा में करंट लगने से किसान की मौत



**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के अनवरगढ़ गांव में बिजली विभाग की लापरवाही से एक किसान की जान चली गई। बुधवार दोपहर को अनीस (40) अपने घेर में काम कर रहे थे। इसी दौरान एक महीने से टूटी पड़ी 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन में अचानक करंट आ गया। करंट की चपेट में आने से अनीस की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि वे पिछले एक महीने से टूटी लाइन की शिकायत कर रहे थे। उन्होंने विभाग से इस लाइन की बिजली बंद करवा दी थी। लेकिन बुधवार को अचानक लाइन में करंट आ गया। मृतक के दो छोटे बच्चे हैं। परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सूचना मिलने पर रबूपुरा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# यूपी के 43 शहरों में बारिश, सहारनपुर में बाढ़

## पुल के ऊपर बह रही सहरसा नदी, झांसी में डंपर डूबा

उत्तर प्रदेश। यूपी में मानसून जमकर बरस रहा है। सहारनपुर में बुधवार को सुबह 4 बजे से दोपहर 1 बजे तक लगातार 9 घंटे बारिश हुई। इससे पहाड़ी सहरसा नदी में बाढ़ आ गई है। पुल के ऊपर से पानी तेजी से बह रहा है। एक ट्रैक्टर नदी पार करते समय फंस गया। लोगों ने रेस्क्यू कर ट्रैक्टर पर सवार तीन लोगों को बाहर निकाला।

यहां बेहट में करीब 15 फीट की पुलिया बरसाती नाले में समा गई। इससे 12 से अधिक गांवों का संपर्क मुख्यालय से कट गया है। बारिश में स्पोर्ट्स कॉलेज की दीवार ढह गई। खेतों में पानी भर गया और फसलें डूब गईं हैं।

इधर, मुजफ्फरनगर में बारिश के दौरान नाले में बहे 3 साल के बच्चे का शव 80 घंटे के बाद बुधवार को मिला। शव के पास एक कुत्ता घूम रहा था। तभी लोगों की नजर पड़ी। 22 जून को वह खेलते समय नाले में बह गया था। झांसी में बिजली गिरने से बच्ची की मौत हो गई। बारिश से शहर की सड़कों पर 4 फीट पानी भर गया। बेतवा नदी का अचानक जलस्तर बढ़ गया। इसमें घाट किनारे बालू लोड कर रहा डंपर डूब गया। चालक को जैसे ही डंपर डूबने की भनक लगी, वह पानी में कूद गया और तैरकर बाहर निकल आया। चालक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने डंपर को दूसरे ट्रकों से खींचवाने का प्रयास किया, लेकिन डंपर नहीं निकला।

शामली और बिजनौर में जमकर बारिश हुई। शामली में इतनी बारिश हुई कि सड़कें तालाब बन गईं। बिजनौर में सड़कों पर एक फीट तक पानी भर गया है। गलियों में नदियों जैसा बहाव है। सोनभद्र में बारिश के पानी में एक टैंकर फंस गया। घंटों की




मशक्कत के बाद टैंकर को निकाला गया।

लखनऊ में शाम को मौसम बदला। बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग ने बताया, 24 घंटे में 43 शहरों में औसतन 3 मिमी बारिश हुई। जबकि 4.6 मिमी बारिश होनी चाहिए। यहां अनुमान से 35 फीसदी कम है।

गुरुवार, 26 जून को सहारनपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बागपत, शामली, ललितपुर, चंदौली, मिर्जापुर और सोनभद्र में तेज बारिश की संभावना है। इस दौरान 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। अगले चार दिनों तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा।

मानसून ने प्रदेश के सभी 75 जिलों को कवर कर लिया है। 18 जून को ललितपुर और सोनभद्र के रास्ते मानसून ने उत्तर प्रदेश में एंट्री ली थी। पूरे प्रदेश को कवर करने में 7 दिन लगे। इस बार बारिश ने 54 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। एक जून से अब तक प्रदेश में 72.9 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। यह अनुमानित बारिश 62.8 मिमी से 16 फीसदी ज्यादा है। आंकड़ों पर नजर डालें तो इतनी बारिश 1971 में हुई थी।

### आज कहां-कहां होगी बारिश?

सहारनपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बागपत, शामली, ललितपुर, चंदौली, मिर्जापुर और सोनभद्र में गुरुवार को भारी बारिश का अनुमान है।

### मुजफ्फरनगर में नाले में बहे बच्चे का शव 80 घंटे बाद मिला

मुजफ्फरनगर के नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरनगर में तीन साल के अवि का शव 80 घंटे की खोज के बाद तालाब की झाड़ियों से बरामद हुआ है।

22 जून की सुबह बारिश के दौरान अवि अपने भाई के साथ नहा रहा था। इसी दौरान वह अचानक पानी में बह गया। ग्रामीणों और परिजनों ने उसे खोजने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस प्रशासन ने गोताखोरों की मदद ली। राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल और सपा सांसद हरेंद्र मलिक भी मौके पर पहुंचे।

पीएसी मेरठ और नाविक टीम लगातार बच्चे की तलाश में जुटी रही। ग्रामीणों ने हाईवे पर जाम भी लगाया। एनडीआरफ की टीम मंगलवार शाम को वापस लौट गई। बुधवार सुबह मीनाक्षी चौक से मछुआरों की टीम को तालाब में उतारा गया।

शाम 6 बजे मछुआरों की टीम ने अवि का शव तालाब की झाड़ियों में फंसा हुआ पाया। परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। अवि के दादा ने बताया कि जिला प्रशासन, गांव के लोग और मछुआरा टीम लगातार खोज में जुटे थे।

# महिला ने दो बच्चों संग खाया जहर

## 5 साल की बेटी की मौत, मां-बेटे की हालत गंभीर, घरेलू कलह बताई जा रही वजह

**मेरठ** । मेरठ में महिला ने अपने 2 बच्चों के साथ जहरीला पदार्थ खा लिया। जहर खाने से महिला की 5 साल की बेटी की मौत हो गई है। वहीं महिला और बेटे की हालत गंभीर है। दोनों को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पूरा मामला कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के जटौली गांव का है घटना की वजह घरेलू कलह बताई जा रही है।

### पति के काम पर न जाने को लेकर हुआ विवाद

पुलिस के अनुसार, जटौली गांव निवासी आबिदा का पति राशिद से झगड़ा हो गया था। राशिद काम पर नहीं जाता, हर समय घर में बैठा रहता। इसके कारण आए दिन पति, पत्नी में झगड़े होते थे। बुधवार को भी दोनों में इसी बात को लेकर विवाद हुआ।





झगड़ा होने के बाद आबिदा ने अपनी 5 साल की बेटी जायरा और 3 साल के बेटे जैद के साथ मिलकर जहर खा लिया।

### 8 साल पहले हुई थी शादी

आबिदा और राशिद की 8 साल पहले शादी हुई थी। दोनों के एक बेटा, एक बेटी है। लोगों ने बताया कि शादी के बाद से ही राशिद ससुराल में रह रहा था। वो फल, सब्जी का ठेला लगाता था। लेकिन अक्सर वो ठेला लगाने नहीं जाता। इसके कारण घर में पैसों की किल्लत होती थी।

### पानी में मिलाकर पिलाया जहर

मां ने दोनों बच्चों को पानी में सल्फॉस मिलाकर पिला दिया। थोड़ी देर बाद तीनों की हालत बिगड़ने लगी। उनके मुंह से झाग निकलने लगा। तीनों रोने, चीखने लगे।

आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे। तीनों को फौरन कंकरखेड़ा के अस्पताल ले गए। तीनों को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां बेटी जायरा की मौत हो गई। आबिदा और बेटा जैद अभी भी गंभीर हैं।

### माता, पिता और पड़ोसियों ने पहुंचाया अस्पताल

आबिदा के घरवालों और पड़ोसियों ने जब चीख सुनी तो वो उस तरफ दौड़े देखा उनके मुंह से झाग निकल रहे थे। परिजन तीनों को गंभीर हालत में लेकर अस्पताल पहुंचे।

लगभग दो घंटे के उपचार के बाद पांच वर्षीय बच्ची जायरा ने दम तोड़ दिया। दूसरी तरफ महिला व उसके बेटे की हालत भी गंभीर बनी हुई है। बच्ची की मौत की सूचना मिलने के बाद परिजनों व रिश्तेदारों का बुरा हाल हैं। अस्पताल में सैकड़ों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।

# कानपुर में रिटायर सार्जेंट ने खुद को गोली मारी, मौत

**कानपुर।** कानपुर में एयरफोर्स से रिटायर्ड सार्जेंट ने अपनी डबल बैरल लाइसेंसी राइफल से गले में गोली मार कर आत्महत्या कर ली। घटना के समय पत्नी बर्तन साफ कर रही थी। जबकि बेटा बगल के कमरे में ईयर बड्स लगा कर पढ़ाई कर रहा था। जिससे वह गोली की आवाज नहीं सुन सका।

करीब डेढ़ घंटे बाद बेटा पिता को बुलाने के लिए गया। तब दरवाजा अंदर से लॉक था। बेटा बालकनी के दरवाजे से कमरे के अंदर पहुंचा तो पिता का खून से लथपथ शव मिला।

सूचना पर मौके पर पहुंची नवाबगंज पुलिस ने बंदूक जब्त करके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। घटना सुबह 9 बजे की नवाबगंज थाना क्षेत्र के मैनावती मार्ग स्थित श्रीराम कृपा इस्टेट की है।

मूलरूप से फर्रुखाबाद के कंपिल थाना के बंगसनगर निवासी हरेंद्र कुमार सिंह (48) 2016 में एयरफोर्स से रिटायर हुए थे। कानपुर में अपनी पत्नी रीना राठौर व बेटी कोमल व बेटे साहिल के साथ रहते हैं।

पत्नी रीना ने बताया कि हरेंद्र सार्जेंट के पद से गांधी नगर गुजरात से रिटायर हुए थे। हम लोग बीते एक साल से मैनावती रोड स्थित श्रीराम कृपा इस्टेट में आदित्य कुमार के मकान में किराए पर रह रहे थे।

उनके घर से कुछ दूरी पर उनकी सास मिथलेश चौहान व ससुर शिव कुमार सिंह रहते है। बेटी कोमल दिल्ली से यूपीएससी की तैयारी कर रही है, जबकि बेटा साहिल एयरफोर्स की तैयारी कर रहा है।

पत्नी ने बताया कि रिटायर होने के बाद पति ने नौकरी के लिए कई परीक्षाएं दी, लेकिन उनका चयन नही हो पा रहा था, जिस कारण वह डिप्रेशन व नींद न आने की समस्या से जूझ रहे थे। जिसका इलाज भी चल रहा था।

# बहला फुसला कर भगा ले जाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**ललितपुर।** गिरार पुलिस ने बहका-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी,मड़ावरा कृष्ण कुमार मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में वाँछित/वारण्टी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गिरार पुलिस द्वारा थाना गिरार पर पंजीकृत मु0अ0स0-18/2025 धारा 137(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त,जितेन्द्र पुत्र पप्पू लोधी उम्र करीब 20 वर्ष भज्जू पुत्र जसरथ उम्र करीब 22 वर्ष निवासीगण ग्राम बड़ी पीड़ार थाना गिरार ललितपुर को धसान नदीपुल पर थाना गिरार ललितपुर से नियमानुसार गिरफ्तार कर, आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुये, माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार उ.नि. धनीराम उ.नि. योगेश यादव का. राममिलनन म.का. शिवानी आदि शामिल रहे।

# बुंदेलखंड के 90 प्रतिशत ग्रामीण घरों में हो रही नल से जल की सप्लाई, बचे घरों में जल्द पूरा होगा काम : स्वतंत्र देव

## जलशक्ति मंत्री ने एक दर्जन से अधिक गांवों का किया स्थलीय निरीक्षण

**ललितपुर।** बुंदेलखंड के हर गांव तक नल से शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए आज बुधवार को मा0 मंत्री जल शक्ति विभाग, सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 श्री स्वतंत्र देव सिंह की अगुवाई में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन व जिला प्रशासन की पूरी टीम फील्ड पर उतरी। इस दौरान जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने एक दर्जन से अधिक गांवों का निरीक्षण कर स्थानीय लोगों से फीडबैक लेकर जलापूर्ति की वास्तविक स्थिति के बारे में जाना। निरीक्षण के दौरान जलशक्ति मंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड के 90 प्रतिशत से अधिक घरों में नल से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। जो शेष बचे घर हैं, उनमें भी काम अंतिम



चरण में है, जल्द ही वहां भी शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। मिशन मोड पर किए गए इस निरीक्षण का मकसद बुंदेलखंड के हर गांवों में नल से जलापूर्ति सुनिश्चित करना है। निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ.प्र. अनुराग श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) डॉ राजशेखर, मा0 राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उ0प्र0 श्री मनोहर लाल पंथ, मा0 सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, मा0 एमएलसी श्रीमती रमा निरंजन एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। दौरे की शुरूआत कलेक्ट्रेट सभागार से की गई, जिसमें मा0 मंत्री जी ने स्थानीय विधायकों, प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अधिशासी निदेशक डॉ राजशेखर, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के साथ बैठक की और जिले में चल रही जल जीवन मिशन की योजनाओं को जाना। बैठक में बताया गया कि जनपद में 15 परियोजनाएं संचालित हैं, जिनसें लगभग 1.5 लाख परिवारों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जा रही है।

मा0 मंत्री जी ने निर्देश दिये कि उक्त पेयजल परियोजनाओं के माध्यम से अंतिम छोर तक शुद्ध पेयजल की पहुंच सुनिश्चित करायें, कहीं भी पानी न पहुंचने की शिकायत नहीं आनी चाहिए और यदि कहीं समस्या है तो समय से उसका निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए, पेयजल आपूर्ति में कोई भी बाधा नहीं आनी चाहिए।

# गोरखपुर में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पर हमला

## भीड़ ने अंडे फेंके, गाड़ियों के शीशे तोड़े; अखिलेश बोले- ये बड़ी साजिश है

**गोरखपुर।** सपा के प्रतिनिधिमंडल पर गोरखपुर में हमला हो गया। नॉर्मल चौकी के पास भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रतिनिधिमंडल के काफिले का रास्ता रोक लिया। इसका सपा कार्यकर्ताओं ने विरोध किया। इसी दौरान दोनों पक्षों में झड़प हो गई। तभी भीड़ में शामिल अराजक तत्वों ने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद और सपा नेताओं पर अंडे फेंके, जो गाड़ियों पर गिरे। आरोप है कि सपा नेताओं की गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए गए।

सड़क पर हंगामा होने लगा। हालात बिगड़ते देख सपा नेता सड़क पर ही बैठ गए और धरना देने लगे। इससे करीब 30 मिनट तक स्थिति बेकाबू रही। इसके बाद पुलिस सुरक्षा में सपा



नेताओं ने अपनी पदयात्रा पूरी की। इस बीच, अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा- इस हमले की हम निंदा करते हैं। ये बड़ी साजिश है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने रास्ते में बुलडोजर खड़ा किया

इस पूरे मामले की शुरुआत बुधवार को तब हुई, जब माता प्रसाद पांडेय और लाल बिहारी यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल लखनऊ से गोरखपुर पहुंचा।

सपा नेताओं को नॉर्मल चौकी से लेकर तिवारी हाता तक पदयात्रा करनी थी। रूट में घंटाघर, पांडेय हाता, नखास चौक, बख्शीपुर और अलीनगर बाजार शामिल थे। इस दौरान विरासत गलियारे में तोड़ी जा रही दुकानों से प्रभावित व्यापारियों से मुलाकात भी करनी थी।

जैसे ही सपा प्रतिनिधिमंडल नॉर्मल चौकी पर पहुंचा, वहां भाजपा कार्यकर्ता पहले से मौजूद थे। उन्होंने अखिलेश यादव के खिलाफ नारेबाजी की और सपा नेताओं के वाहनों पर अंडे फेंकने लगे। इससे दो गाड़ियों के शीशे टूट गए। थोड़ी देर में दोनों तरफ के कार्यकर्ताओं के बीच माहौल गरम होने लगा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मौके पर बुलडोजर खड़ा कर पदयात्रा रोक दी। इससे झड़प के हालात बन गए। इसके बाद सपा नेताओं ने पुलिस बुला ली।

# लखनऊ में गोमती नदी में कूदकर महिला ने दी जान

**लखनऊ।** लखनऊ में गोमती नदी में कूदकर महिला ने आत्महत्या कर ली। महिला को नदी में छलांग लगाते देखा तो लोगों ने बचाने की कोशिश की। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाल कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की। घटना बुधवार दोपहर हजरतगंज के लक्ष्मण मेला मैदान के पास हुई।

महिला की पहचान कविता निषाद के तौर पर हुई। वह अर्जुनगंज के अहिमामऊ की रहने वाली थी। बुधवार सुबह ही वह लक्ष्मण मेला अपने मायके आई थी।

मृतका के पति महेश निषाद ने 2 महीने पहले रिटायर्ड जज और उसकी पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर जान दे दी थी।

### पुलिस स्टेशन के लिए निकली थी

महेश निषाद की बहन शांति ने बताया- भाई अंशु गर्मियों की छुट्टियों में भांजे माधव और भांजी शुभी को घर ले आया था। स्कूल खुलने वाले थे। कविता बच्चों को लेने आज सुबह ही अहिमामऊ से मायके लक्ष्मण मेला मैदान आई थी।

सुबह करीब 11 बजे खाना खाने के बाद भइया के सुसाइड मामले की जानकारी लेने घर से निकली थी। करीब आधे घंटे बाद उसके नदी में कूदने की सूचना मिली।

# शार्ट न्यूज

## रेलवे स्टेशन से एक शातिर बदमाश को किया गिरफ्तार, चोरी का एक मोबाइल बरामद

**ललितपुर।** चलती ट्रेन में यात्रियों का हाथ साफ करने वाले एक शातिर बदमाश को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किया एक मोबाइल बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी द्वारा चलाये जा रहे अभियान चेकिग संदिग्ध व्यक्ति वस्तु एवं गिरफ्तारी व बरामदगी चोरी लूटी गयी संपत्ति के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे झाँसी के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी ललितपुर के नेतृत्व में थाना जीआरपी ललितपुर पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन ललितपुर से एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से चोरी किया हुआ एक मोबाइल फोन बरामद हुआ, जो कि थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 17/25 धारा 305(सी)/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित है ।वैधानिक कार्यवाही करते हुये अभि0 को मान0 न्यायालय ललितपुर के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीम उ.नि.दिलीप कुमार ए एस आई शशि भूषण मिश्रा आरपीएफ हे.का.अवधेश यादव आरपीएफ कां. साहब सिंह कां. एपी विपिन कुमार आदि शामिल रहे।

## वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**ललितपुर।** तालबेहट पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी,तालबेहट रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में वाँछित/वारण्टी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना तालबेहट पुलिस द्वारा एक वारण्टी अभियुक्त सुक्कन कुशवाहा पुत्र धन्नू उर्फ धन्दू नि0 ग्राम खांदी मजरा झिन्नन थाना तालबेहट ललितपुर सम्बन्धित NBW केस नं0 3248/14 धारा 323/504/506/427/452 भादवि थाना तालबेहट को ग्राम खांदी मजरा झिन्नन थाना तालबेहट ललितपुर से नियमानुसार गिरफ्तार कर, आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुये, माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा उ.नि. दुर्गाप्रसाद का. प्रवीन कुमार आदि शामिल रहे।

## बाइकें आमने सामने भिंड़ी दो घायल

**हाथरस।** आगरा अलीगढ रोड स्थित रामवती फीलिंग स्टेशन के निकट दो बाइकें आपस में आमने सामने से भिड गई। जिसमें दो लोग घायल हो गये। घायलों का उपचार सीएचसी में कराया है। बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार गांव दयानतपुर निवासी अभिषेक पुत्र विजेन्द्र सिंह किसी काम से सासनी आया था जो काम समाप्त करने के बाद सासनी से अपने गांव हाथरस की ओर जा रहा था। उधर गांव दरकौली निवासी शुभम पुत्र प्रेम सिंह अपने एक अन्य साथी बौबी पुत्र चंदन सिंह के साथ बाइक में पेट्रोल लेने सासनी आया था। बताते हैं कि जैसे ही शुभम ने अपनी बाइक पेट्रोल पंप के लिए मोडी तभी अभिषेक की बाइक उससे टकरा गई। जिससे दोनों बाइक सवार जमीन पर गिरकर घायल हो गये, बाइकें क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की जानकारी होने पर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड जुट गई। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया गया। समाचार लिखे जाने तक किसी की ओर से कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई थी।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

**हाथरस।** एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स के तत्वावधान में और पूर्व प्रधान अजीतपुर गोपाल सिंह के सानिध्य में पहली बार ग्रामपंचायत मे लगे रक्तदान शिविर में महिला, पुरुष,युवाओं ने बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास से भाग लिया सभी ग्रुपों का 40 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ राष्ट्रीय महासचिव प्रवीन वार्ष्णेय ने कहा कि ग्राम पंचायत में रक्तदान के लिए ऐसा उत्साह पहली बार देखने को मिला है यहां के सभी रक्तदानी बहुत उत्साहित है रक्तदान मानवता की अनूठी मिसाल है जो लोगों को जीवनदान देता है रक्तदानियों ने लाखों लोगों को जीवनदान दिया है ऐसे रक्तदानियों को हमारा सैल्यूट है शिविर के मुख्य आयोजनकर्ता गोपाल सिंह ने कहा कि हमारी दिली इच्छा थी कि हमारी ग्राम पंचायत में भी रक्तदान शिविर लगे और यहां के लोग भी रक्तदान करें हम लोग तो समय समय पर रक्तदान करते रहे है एडीएचआर के माध्यम से यह शिविर लगा और लोगों ने उम्मीद से ज्यादा सहभागिता की आगे भी भविष्य में ऐसे रक्तदान शिविर लगाते रहेंगे।

## अब सीएचसी में भी मिलेगी प्रधानमंत्री जनऔषधि

हाथरस। प्रधानमंत्री की महत्वकांक्षी योजना के तहत मरीजों पर आर्थिक बोझ कम करने के उद्देश्य से बाजार मूल्य से लगभग 80 फीसदी सस्ती दवाएं उपलब्ध कराना है जिसके तहत बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सासनी पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का एमओआईसी डा. दलवीर सिह रावत द्वारा उद्घघाटन किया गया। कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए एमओआईसी ने कहा कि भारत सरकार जरूरतमंदों को हर सुविधा मुहैया कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सस्ती दवाओं के लिए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों की स्थापना की गई है। इस केंद्र से लोगों को सामान्य दवाओं के साथ गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए सस्ती औषधियां आसानी से मिल सकेंगी। केंद्र संचालक अमित कुमार उर्फ संगीता भाई ने एमओआईसी का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया।

## साइबर जालसाजों ने 1.42 लाख ठगे

**लखनऊ।** लखनऊ में साइबर जालसाजों ने दो लोगों को अपना शिकार बना लिया। जालसाजों ने बैंक कर्मी व स्विगी कस्टमर केयर कर्मी बनकर खातों से 1.42 लाख रुपए उड़ा लिए। हजरतगंज और चिनहट में मुकदमें दर्ज किए गए हैं। पुलिस दोनों मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है। सीतापुर अटरिया निवासी उदय प्रताप ने बताया कि 18 जून को एक कॉल आई। फोनकर्ता ने आरबीएल बैंक के क्रेडिट कार्ड सेक्शन का अधिकारी बनकर बात की। बातों में फंसाकर एक लिंक भेजा। पीड़ित ने लिंक ओपन कर जैसे ही जानकारी शेयर की। उनका मोबाइल हैक हो गया। जिसके बाद खाते से 93,751 रुपये कट गए। पीड़ित ने हजरतगंज कोतवाली में आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं, चिनहट के सिल्वर लाइन अपार्टमेंट निवासी ओजस शुक्ल का खाता पीएनबी में है। पीड़ित ने कुछ दिन पहले स्विगी से फूड बुक किया। डिलेवरी न होने पर कस्टमर केयर पर कॉल की। जालसाज ने बातों में फंसाकर खाते से 48,506 रुपये गायब कर दिए। साइबर सेल में शिकायत करने के बाद पीड़ित ने चिनहट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## फ्लैट के नाम पर 37.77 लाख की ठगी

**लखनऊ।** लखनऊ में रियल एस्टेट कंपनी पोलार्स इंफ्रा डेवलपर्स ने फ्लैट देने के नाम पर एक महिला से 37.77 लाख रुपए ठग लिए। महिला ने फर्म के दो प्रोजेक्ट में तीन फ्लैट बुक किए थे। पीड़िता का आरोप है कि रुपए लेने के 11 साल बीतने के बाद भी फ्लैट नहीं मिले। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह के निर्देश पर गोमतीनगर पुलिस ने निदेशकों समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कानपुर चकेरी स्थित श्याम नगर निवासी कीर्ति कुरील के पति अरुण कुमार बोकारो स्टील सिटी झारखंड में नौकरी करते हैं। उनका कहना है कि वह कानपुर में माता पिता के पास रहती है। भाई की दोस्ती संदीप चतुर्वेदी से थी। जिसके चलते संदीप का छोटा भाई ऋषि चतुर्वेदी भी अक्सर घर आता था। 2014 में ऋषि ने पोलार्स इंफ्रा डेवलपर्स के रियल एस्टेट फर्म के विषय में जानकारी दी। उसने कहा कि हमारी कंपनी फर्म लखनऊ में फ्लैट बना रही है। उसने फ्लैट लेने का झांसा देकर गोमतीनगर विनीत खंड स्थित कंपनी के निदेशक सुधीर कुमार और दिनेश मणि राम नरेश तिवारी से मिलवाया। जिसके बाद कंपनी के दिनेश मनीराम, केएस बाजपेई और सुधीर कुमार ने आश्वासन दिया कि जल्द ही फ्लैट का निर्माण कर कब्जा दिया जाएगा। जिसके बाद उनके कहने पर कंपनी के प्रोजेस टावर में दो और पोलार्स गुलमोहर गार्डेन मोहनलालगंज में एक फ्लैट बुक कराया। साथ ही टुकड़ों में 37.77 लाख रुपए दिए। इसके बाद भी फ्लैट नहीं मिला।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 26 जून 2025
Www.vishalindia.in

संक्षिप्त समाचार

## पाकिस्तान ने सिंध में नए तेल और गैस भंडार की खोज की, जमीन के 4 हजार मीटर नीचे मिला




**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की सरकारी कंपनी ऑयल एंड गैस डेवलपमेंट कंपनी (ओजीडीसीएल) ने सिंध प्रांत में एक नया तेल और गैस भंडार खोजा है। कंपनी ने इस महीने की शुरुआत में खारो के फकीर-1 कुएं में यह खोज की। ये भंडार जमीन के 4 हजार मीटर नीचे मिली है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान में और भी छुपे गैस भंडार मौजूद हो सकते हैं। पिछले साल ने ऐसी ही दो बड़े तेल और गैस भंडार खोजे थे। फिलहाल वेनेजुएला के पास दुनिया में सबसे बड़े तेल भंडार हैं, इसके बाद सऊदी अरब है।

## रूस ने यूक्रेन के कीव में ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया, 5 लोगों की मौत

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन की राजधानी कीव पर सोमवार तड़के रूस ने ड्रोन और मिसाइल से हमला किया। इसमें 5 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। अब तक 10 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है। यूक्रेनी इमरजेंसी सर्विस के अनुसार, हमला एक अपार्टमेंट बिल्डिंग पर हुआ जिससे उसकी पांच मंजिलों में से एक गिर गई। राहत और बचाव दल मलबे के नीचे फंसे लोगों को निकालने में जुटे हैं। हमले में कीव के कई इलाकों में रिहायशी इमारतों, अस्पतालों और खेल केंद्रों को नुकसान हुआ है। सबसे ज्यादा तबाही शेवचेनकिवस्की जिले में हुई। इसके अलावा कीव से करीब 85 किलोमीटर दूर बिला त्सेरक्वा शहर में भी एक व्यक्ति की मौत हो गई और 8 लोग घायल हो गए।

## फ्रांस में हमलावरों ने दुल्हा-दुल्हन पर गोली चलाई; दुल्हन की मौत, दुल्हा घायल

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस के एक छोटे से गांव गौल्ट में शादी के दौरान कुछ नकाबपोश हमलावरों ने दूल्हा-दुल्हन पर गोलियां चला दीं। इस हमले में दुल्हन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूल्हा और एक 13 साल का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। एक हमलावर भी इस फायरिंग में मारा गया। पुलिस का कहना है कि बाकी हमलावर मौके से भाग निकले हैं और उनकी तलाश जारी है। यह घटना रविवार सुबह करीब 4:30 बजे (फ्रांस का समय) हुई, जब 27 साल की दुल्हन और 25 साल का दूल्हा शादी के समारोह से बाहर निकल रहे थे। तभी कुछ लोग तीन गाड़ियों में आए और फायरिंग शुरू कर दी।घटना के समय शादी हॉल में 28 लोग मौजूद थे। पुलिस को शक है कि यह हमला नशे के कारोबार से जुड़ी पुरानी दुश्मनी के कारण हुआ है।

## इराक के ताजी सैन्य अड्डे पर ड्रोन हमला

**बगदाद, एजेंसी।** बगदाद के उत्तर में इराक के ताजी सैन्य अड्डे को निशाना बनाकर ड्रोन हमला किया गया। इराक के लेफ्टिनेंट जनरल वालिद अल-तमीमी ने कहा कि एक अज्ञात ड्रोन ने बेस में एक स्थान पर हमला किया। हमले में कोई हताहत नहीं हुआ। मीडिया रिपोर्टों ने दावा किया कि ड्रोन ने बेस पर एक फ्रांसीसी राडार सिस्टम को निशाना बनाया।

## खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री ने सरकार पर आपातकाल लगाने की साजिश का आरोप लगाया

**क्वेटा, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने सोमवार को कहा कि देश की संघीय सरकार उनके प्रांत में आपातकाल लगाने की योजना बना रही है। गंडापुर ने यह बात प्रांतीय बजट सत्र के दौरान कही। उन्होंने कहा कि वे ऐसी किसी भी साजिश को सफल नहीं होने देंगे। उन्होंने यह भी कहा, अगर (पूर्व प्रधानमंत्री) इमरान खान मुझे अभी आदेश दें, तो मैं तुरंत अपनी सरकार खत्म कर दूंगा। मैं अपने नेता के अधिकार किसी और को नहीं लेने दूंगा। मुख्यमंत्री गंडापुर ने आरोप लगाया कि राज्यपाल फैसल करीम कुंडी ने बजट सत्र से जुड़ी जरूरी फाइल पर साइन करने से मना कर दिया है। उनका कहना है कि इसके पीछे प्रांत में आर्थिक आपातकाल लागू करने की साजिश हो सकती है। उन्होंने कहा कि नया बजट पास करना संविधान के अनुसार जरूरी है और कोई भी इस विधानसभा को PTI की मंजूरी के बिना भंग नहीं कर सकता।

## नाइजीरिया : आत्मघाती हमले में 12 की मौत

**अबुजा, एजेंसी।** नाइजीरिया के उत्तरपूर्वी बोर्नो राज्य में शुक्रवार रात मछली बाजार में एक महिला आत्मघाती हमलावर ने 12 लोगों की हत्या कर दी। हमले में 30 लोग घायल भी हुए हैं। बोर्नो राज्य पुलिस के प्रवक्ता नाहुम केनेथ दासो ने बताया कि महिला अपने शरीर पर विस्फोटक उपकरण बांधे हुए मछली बाजार में घुसी और फिर नागरिकों के बीच विस्फोट कर दिया। दासो ने कहा कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। बता दें कि बोर्नो राज्य एक उग्रवाद का गढ़ है।

# ट्रंप का सीजफायर बेअसर, ईरान के ताबड़तोड़ हमले में 4 इजरायली मरे, बंद करना पड़ा हवाई क्षेत्र

**तेल अवीव, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सीजफायर वाले दावे को ईरान ने ताबड़तोड़ मिसाइल हमलों से ध्वस्त कर दिया। मंगलवार सुबह ईरान ने इजरायल के बीरशेबा शहर में एक रिहायशी इमारत पर बैलिस्टिक मिसाइल दागी, जिसमें चार इजरायली नागरिकों की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हो गए। हमले के बाद इजरायल में हड़कंप मच गया और देश भर में सायरन बजने लगे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इजरायल को अपना हवाई क्षेत्र अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा।





**ट्रम्प ने सीजफायर का दावा किया :** इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार तड़के 3:30 बजे ईरान और इजराइल के बीच सीजफायर का दावा किया था। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा- मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि इजराइल और ईरान के बीच सीजफायर अब से 6 घंटे बाद लागू होगा। पहले 12 घंटे के लिए ईरान हथियार डालेगा। फिर अगले 12 घंटे के लिए इजराइल हमला नहीं करेगा और जंग आधिकारिक रूप से खत्म हो जाएगी। वहीं, न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इजराइली सेना के प्रवक्ता ने सीजफायर को लेकर ट्रम्प के बयान पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

**ईरान ने 6 बार इजराइल पर हमला किया :** ट्रम्प के सीजफायर के ऐलान के बाद से ईरान के विदेश मंत्री ने इसे खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा कि इजराइल के साथ अभी कोई अंतिम युद्धविराम समझौता नहीं हुआ है। अगर इजराइल, हमले रोक देता है, तो ईरान भी हमले नहीं करेगा। कुछ ही देर बाद ईरान ने इजराइल पर 6 बार बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक मिसाइल बीर्शेबा शहर में इमारत पर गिरी। मेडिकल टीम ने बताया कि हमले में 4 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 20 से ज्यादा घायल हैं।

**बीरशेबा में ईरान के हमले में चार लोगों की मौतः इजराइल की आपात सेवा :** इजरायल के बीरशेबा शहर में ईरान के एक मिसाइल हमले से प्रभावित इमारत से दमकलकर्मियों ने चार लोगों के शव बरामद किए हैं। आपात सेवा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ईरान ने दक्षिणी इजरायल के सबसे बड़े शहर को सीधे सीधे निशाना बनाकर यह मिसाइल हमला किया था। कुछ दिन पहले ईरान के हमले में इसी शहर के अस्पताल को भारी नुकसान पहुंचा था। खोज और बचाव दल ने कहा कि उन्होंने बीरशेबा में एक इमारत से चार शवों को बरामद किया और अन्य लोगों की तलाश जारी है।

**इजरायल का हवाई क्षेत्र अगले आदेश तक उड़ानों के लिए बंद :** इजरायल विमानपत्तन प्राधिकरण ने कहा कि ईरान के हमलों के कारण उन्हें देश के हवाई क्षेत्र को उन सभी यात्री विमानों के लिए बंद करना पड़ा है, जो मंगलवार को इजराइल के हवाई अड्डों पर उतरने या उनसे से प्रस्थान करने वाले थे। इनमें आपातकालीन उड़ानें भी शामिल हैं। इजरायल के मीडिया के अनुसार, कुछ उड़ानों को भूमध्य सागर के ऊपर चक्कर लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा। ईरान के साथ युद्ध शुरू होने के बाद से इजरायल के हवाई अड्डे बंद हैं, लेकिन पिछले कुछ दिन में कुछ आपातकालीन उड़ानें आनी-जानी शुरू हो गई थीं। ट्रंप ने सोमवार देर रात अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर दावा किया था कि इजरायल और ईरान के बीच 12 दिन से चल रही जंग को रोकने के लिए दोनों देशों ने चरणबद्ध युद्धविराम पर सहमति जता दी है। उन्होंने कहा था कि मंगलवार आधी रात से सीजफायर शुरू हो जाएगा, जिसमें पहले ईरान और फिर इजरायल हमले रोकेंगे। हालांकि, ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने ट्रंप के दावे को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि कोई औपचारिक समझौता नहीं हुआ है। अराघची ने शर्त रखी कि अगर इजरायल सुबह 4 बजे तक हमले बंद करता है, तो ईरान भी जवाबी कार्रवाई नहीं करेगा। लेकिन, ट्रंप के ऐलान के कुछ घंटों बाद ही ईरान ने इजरायल पर छह बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिसने मध्य पूर्व में शांति की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इजरायल डिफेंस फोर्सेज ने बताया कि मिसाइलों को रोकने के लिए उनके रक्षा तंत्र सक्रिय थे, लेकिन बीरशेबा में एक मिसाइल ने भारी नुकसान पहुंचाया। हमले के बाद तेल अवीव और यरुशलम में भी धमाकों की आवाजें सुनी गईं। दूसरी ओर, ईरान ने कतर में अमेरिकी सैन्य अड्डे अल-उदीद पर भी 19 मिसाइलें दागीं, हालांकि इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ क्योंकि ईरान ने पहले ही अलर्ट जारी कर दिया था। कतर, कुवैत और अन्य खाड़ी देशों ने हमले के बाद अपने हवाई क्षेत्र बंद कर दिए, हालांकि बाद में कतर ने इसे फिर से खोल लिया। ईरान के सरकारी मीडिया ने दावा किया कि उनके हमलों ने इजरायल को सीजफायर के लिए मजबूर किया, जबकि इजरायल ने अभी तक ट्रंप के दावे पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने पहले दावा किया था कि ईरान ने ट्रंप की हत्या की साजिश रची थी, जिसे ट्रंप ने भी गंभीरता से लिया।

## ट्रूडो के जाते ही खालिस्तान पर बदला कनाडा का रुख

**ओट्टावा, एजेंसी।** जस्टिन ट्रूडो के प्रधानमंत्री पद से हटते ही खालिस्तान पर कनाडा के रुख में बदलाव नजर आने लगा है। कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में साथ होने की बात कही है। उन्होंने आगे कहाकि नई सरकार समुदायों की सुरक्षा के लिए दिए गए बहुमत पर खरी उतरेगी। इसके साथ ही मार्क कार्नी ने 40 साल पहले हुए एयर इंडिया 182 कनिष्क विमान बम विस्फोट पर अफसोस जताया है। उन्होंनेकनिष्क पर हुए आतंकवादी हमले को देश के इतिहास का सबसे घातक हमला बताया। कनाडा के प्रधानमंत्री ने कहाकि उनकी सरकार स्पष्ट रूप से आतंकवाद के खिलाफ खड़ी है।

**इतिहास का सबसे घातक हमला :** प्रधानमंत्री के बयान में कहा गया कि जैसा कि हम आतंकवाद के पीड़ितों के लिए राष्ट्रीय स्मृति दिवस मनाते हैं। हम एयर इंडिया बम विस्फोट के पीड़ितों और आतंकवाद के कारण अपनी जान गंवाने वाले अन्य लोगों को याद करते हैं। उन्होंने कहाकि 40 साल पहले, एयर इंडिया की उड़ान 182 पर हुए बम विस्फोट में 268 कनाडाई नागरिकों सहित निर्दोष लोग मारे गए थे। यह आतंकवादी हमला हमारे देश के इतिहास का सबसे घातक हमला है- जिसे हमें कभी नहीं भूलना चाहिए।

**क्या हुआ था कनिष्क हादसा :** गौरतलब है कि एयर इंडिया कनिष्क उड़ान संख्या 182 में 23 जून 1985 को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने से 45 मिनट पहले विस्फोट हो गया था। इसमें विमान में सवार सभी 329 व्यक्ति मारे गए थे। इनमें से अधिकतर भारतीय मूल के कनाडाई थे। इस हमले को कनाडा स्थित खालिस्तानी संगठन बब्बर खालसा ने अंजाम दिया था। आयरलैंड और कनाडा के शीर्ष राजनयिक एयर इंडिया 182 कनिष्क विमान बम विस्फोट के पीड़ितों के परिवारों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए एक कार्यक्रम में शामिल हुए। यह आतंकवादी हमले की 40वीं बरसी के अवसर पर आयोजित किया गया। विमान के यात्रियों और चालक दल के सदस्यों के परिजन हर वर्ष पीड़ितों के लिए बनाए गए विभिन्न स्मारकों पर एकत्रित होते हैं।

## मानवता ने खोले नरक के द्वार, वैश्विक संघर्ष के बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की चेतावनी

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** वैश्विक संघर्ष के बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने चेतावनी दी है। न्यूयॉर्क में जलवायु संकट पर आयोजित शिखर सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा कि मानवता ने नरक के द्वार खोल दिए हैं। भयंकर गर्मी के भयानक प्रभाव हो रहे हैं। बाढ़ में फसलों को बहता देखकर किसान परेशान हैं। गर्मी से बीमारियां फैल रही हैं। गुटेरेस ने कहा कि चुनौती के पैमाने के सामने जलवायु कार्रवाई बौनी पड़ रही है। अगर कुछ नहीं बदला तो हम एक खतरनाक और अस्थिर दुनिया की ओर बढ़ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटेरेस ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य जलवायु कार्रवाई पर महत्वाकांक्षाओं को बढ़ाना है। गुटेरेस ने कहा कि विकसित देश 2040 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करें। वायु मंडल से वह उतना ही प्रदूषण हटाएं, जितना कि वे पैदा करते हैं। उन्होंने देशों से जीवाश्म ईंधन उत्सर्जन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के लिए समय सीमा तय करने के लिए कहा। साथ ही निम्न और मध्यम आय वाले देशों को स्वच्छ ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ने में मदद करने के लिए फंडिंग में बढ़ोतरी करने और जलवायु लचीलेपन उपायों में निवेश करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि हम दशकों पीछे हैं। हमें टालमटोल, दबाव और जीवाश्म ईंधन से अरबों डॉलर कमाने के स्वार्थ के लालच में खोए समय की भरपाई करनी होगी।

# ट्रंप ने कहा था अब परमाणु बम नहीं बना पाएगा ईरान, वेंस बोले- 10 बम बनाने की क्षमता है मौजूद

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि अब ईरान परमाणु बम नहीं बना पाएगा क्योंकि अमेरिका ने सभी को नष्ट कर दिया है। वहीं उप राष्ट्रपति जीडी वेंस ने कहा कि 4 सौ किलो यूरेनियम गायब हो गया है, इससे 10 परमाणु हथियार बना सकता है ईरान। वेंस ने कहा कि ये यूरेनियम भंडार ईरान के प्रमुख परमाणु स्थलों में संग्रहित था, लेकिन अमेरिकी हमलों से पहले ही इसे दूसरी जगहों पर ले जाया गया। उन्होंने दावा किया कि फोर्दो परमाणु फैसिलिटी को इस मिशन में गंभीर क्षति पहुंची है, हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें सटीक स्थिति की जानकारी नहीं है।



वेंस ने कहा, ÷इस ऑपरेशन का मुख्य उद्देश्य फोर्दो परमाणु फैसिलिटी को नष्ट करना था और हमें पूरा विश्वास है कि हमने इस लक्ष्य को काफी हद तक प्राप्त किया है। साथ ही उन्होंने यह भी पुष्टि की कि आने वाले हफ्तों में ईरान के साथ लापता यूरेनियम को लेकर बातचीत की जाएगी। वहीं दूसरी तरफ ईरान बार-बार कहता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण है, जबकि इजरायल का कहना है कि ईरान हथियार बनाने के करीब पहुंच चुका है। अमेरिका में इस पर मतभेद रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान तीन साल दूर था, लेकिन अमेरिकी खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने हाल ही में कहा कि ईरान कुछ हफ्तों में हथियार बना सकता है। यह बयान ट्रंप द्वारा उनके पूर्वानुमान को गलत कहने के बाद आया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने ऑपरेशन को निर्णायक रूप से पूर्ण सफल बताया है। उन्होंने कहा, ईरान का परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। हमलों के बाद ईरान ने परमाणु अप्रसार संधि से बाहर निकलने की धमकी दी। उप विदेश मंत्री तख्त रवांची ने कहा, कोई हमें यह नहीं बता सकता कि हमें क्या करना चाहिए। इजरायली खुफिया एजेंसियों ने बताया कि ईरान ने हमलों से पहले ही यूरेनियम और संबंधित उपकरणों को एक गुप्त स्थान पर पहुंचा दिया था। सैटेलाइट तस्वीरों में फोर्दो स्थल के बाहर 16 ट्रकों का काफिला देखा गया था। इन्हीं तस्वीरों के आधार पर इजरायल ने अमेरिका से कार्रवाई की मांग की थी।

इसके बाद अमेरिका ने बी-2 स्पिरिट बॉम्बर्स द्वारा बंकर बस्टर जीबीयू-37 बमों के साथ ऑपरेशन मिडनाइट हैमर को अंजाम दिया, जिसमें फोर्दो, नतांज और इस्फहान स्थलों को निशाना बनाया गया। लेकिन बमबारी के बाद ट्रकों का कोई पता नहीं चला। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफाएल ग्रोसी ने कहा कि एजेंसी ने हमलों से एक सप्ताह पहले इन स्थलों का निरीक्षण किया था। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से अपील की कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए निरीक्षण तुरंत बहाल किया जाए। उन्होंने कहा, यह कार्य अत्यंत आवश्यक है और इसमें देरी नहीं होनी चाहिए।

## सुप्रीम कोर्ट से ट्रंप को राहत, अप्रवासियों के निर्वासन की प्रक्रिया शुरू करने की मिली अनुमति

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अप्रवासियों के निर्वासन मामले में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप को अप्रवासियों के निर्वासन की प्रक्रिया फिर से शुरू करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने अपने आदेश में यह जानकारी नहीं दी कि यह आदेश किस आधार पर दिया गया है। वहीं न्यायमूर्ति सोनिया सोटोमायोर और दो अन्य न्यायाधीशों ने फैसले पर असहमति जाहिर की है। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की प्रवक्ता ट्रिसिया मैकलॉघलिन ने कहा कि तीसरे देशों में निर्वासन जल्द ही फिर से शुरू हो सकता है। निर्वासन विमानों को चालू करें। उन्होंने इस फैसले को अमेरिकी लोगों की सुरक्षा और संरक्षा की जीत बताया। यह फैसला उस वक्त आया जब आव्रजन अधिकारियों ने आठ लोगों को दक्षिण सूडान जाने वाले विमान में बैठा दिया। बाद में एक न्यायाधीश के हस्तक्षेप के बाद उन्हें जिबूती स्थित अमेरिकी नौसैनिक अड्डे पर भेज दिया गया। म्यांमार, वियतनाम और क्यूबा जैसे देशों से आए इन प्रवासियों को अमेरिका में गंभीर अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया था। नेशनल इमिग्रेशन लिटिगेशन अलायंस की



कार्यकारी निदेशक अटॉर्नी ट्रिना रियलमुटो ने कहा कि उनके वकील लगातार इस बात पर जोर दे रहे हैं कि जब तक उन्हें वकीलों से बात करने का मौका नहीं मिल जाता, तब तक वे दक्षिण सूडान में उनके निष्कासन पर रोक लगा दें और कारावास, यातना और मौत की चिंताओं को उठाएं। व्हाइट हाउस ने क्या कहा व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एबिगेल जैक्सन ने कहा कि संविधान और कांग्रेस ने राष्ट्रपति को आव्रजन कानूनों को लागू करने और खतरनाक विदेशियों को देश से बाहर निकालने का अधिकार दिया है। सुप्रीम कोर्ट की कार्रवाई हमारे देश से आपराधिक अवैध विदेशियों को बाहर निकालने और अमेरिका को फिर से सुरक्षित बनाने के राष्ट्रपति के अधिकार की पुष्टि करती है। न्यायमूर्ति सोनिया सोटोमायोर ने अन्य दो न्यायाधीशों ने फैसले को लेकर असहमति जताई। न्यायाधीश एलेना कागन और केतनजी ब्राउन जैक्सन के साथ असहमति पत्र में सोटोमोर ने लिखा कि अदालत की कार्रवाई से हजारों लोगों को यातना या मौत का खतरा हो सकता है। इससे ट्रंप प्रशासन को जीत मिल सकती है। उन्होंने लिखा कि सरकार ने अपने शब्दों और कार्यों से यह स्पष्ट कर दिया है कि वह स्वयं को कानून द्वारा बाध्य नहीं मानती है। बिना किसी नोटिस या सुनवाई का अवसर दिए किसी को भी कहीं भी निर्वासित करने के लिए स्वतंत्र है। न्याय विभाग ने अदालती दस्तावेजों में कहा कि सरकार अपने अगले कदम तय करने के लिए आदेश पर विचार कर रही है। सुप्रीम कोर्ट की कार्रवाई से बोस्टन में अमेरिकी जिला न्यायाधीश ब्रायन ई मर्फी के आदेश पर रोक लग गई है। उन्होंने अप्रैल में निर्णय दिया था कि लोगों को यह तर्क देने का अवसर अवश्य मिलना चाहिए कि किसी तीसरे देश में निर्वासन से वे खतरे में पड़ जाएंगे। भले ही उन्होंने अपनी कानूनी अपील समाप्त कर ली हो।

## ओमान सरकार ने किया एलान-साल 2028 से पांच प्रतिशत आयकर वसूला जाएगा

**मस्कट, एजेंसी।** खाड़ी देशों ने कच्चे तेल से अपनी अर्थव्यवस्थाओं को खूब चमकाया और दुनियाभर से निवेश को आकर्षित किया। हालांकि अब हालात बदलते दिख रहे हैं और खाड़ी देश भी अपनी अर्थव्यवस्था की तेल पर निर्भरता को कम करना चाहते हैं और इस दिशा में ओमान ने पहल कर दी है। खाड़ी देशों में पहली बार ओमान ने अपने नागरिकों पर आयकर लगाने का फैसला किया है। ओमान सरकार के एलान के तहत साल 2028 से पांच प्रतिशत आयकर वसूला जाएगा। अभी सिर्फ एक प्रतिशत आबादी पर टैक्स लगाने की तैयारी हालांकि ओमान ने अभी सिर्फ उन्हीं नागरिकों पर आयकर लगाने का फैसला किया है, जिनकी सालाना आय 1,09,000 डॉलर या उससे ज्यादा है। इस तरह अभी ओमान के सिर्फ एक प्रतिशत लोगों से ही आयकर वसूला जाएगा। ओमान की सरकार ने रविवार को इस संबंध में आधिकारिक एलान जारी कर दिया। हालांकि अभी ये साफ नहीं है कि ओमान के अलावा क्या अन्य खाड़ी देश भी अपने नागरिकों पर टैक्स लगाने पर विचार कर रहे हैं या नहीं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी अनुमान जताया है कि खाड़ी देश आने वाले वर्षों में अपने राजस्व में विविधता लाने के लिए अपने नागरिकों पर टैक्स लगाना शुरू कर देंगे। अभी ओमान का 85 प्रतिशत राजस्व तेल से आता है खाड़ी देशों में अभी तक टैक्स नहीं लगता है,



जिससे दुनियाभर के लोग इन देशों की तरफ आकर्षित हुए और खाड़ी देशों में निवेश किया। ओमान के वित्त मंत्री ने बताया कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में उतार चढ़ाव के चलते ओमान ने अपने राजस्व की तेल पर निर्भरता घटाने का फैसला किया है। अभी ओमान के कुल राजस्व का 85 प्रतिशत तेल और गैस की बिक्री से आता है। ओमान बीते काफी समय से नागरिकों पर आयकर लगाने पर विचार कर रहा था। साल 2020 में ओमान ने अपनी अर्थव्यवस्था में कई बदलाव भी किए थे, जिसमें जनता पर कर्ज में कटौती और आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया गया। ओमान अपने साल 2040 विजन के तहत ये बदलाव कर रही है। ओमान की सरकार अपने देश की अर्थव्यवस्था को तकनीक पर आधारित बनाना चाहता है।

# बिलावल ने इजराइली हमलों की तुलना ऑपरेशन सिंदूर से की, सिंधु संधि पर भारत को जंग की चेतावनी दी;

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने सोमवार को नेशनल असेंबली सत्र के दौरान भारत पर निशाना साधा। बिलावल ने इजराइल के ईरान पर हमले की तुलना ऑपरेशन सिंदूर से की। पाकिस्तानी मीडिया जियो न्यूज के मुताबिक बिलावल ने कहा कि जिस तरह भारत ने पाकिस्तान पर हमला किया था, उसी तरह इजराइल ने ईरान पर अटैक किया है। उन्होंने भारत के साथ 7 से 10 मई तक हुए सैन्य संघर्ष में पाकिस्तान की जीत का दावा किया। दरअसल, भारत ने 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत 6-7 मई को हवाई हमला किया था। सिंधु जल संधि पर जंग की चेतावनी दी इसके अलावा बिलावल ने भारत के सिंधु जल संधि को निलंबित करने को अवैध करार दिया और इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन बताया। बिलावल ने नदियों का पानी रोकने या बांध बनाने की कोशिश करने पर भारत को जंग की चेतावनी दी। बिलावल ने कहा, ÷हमारी वायुसेना ने पहले भारत को हराया है और जरूरत पड़ी तो फिर हराएगी। हम अपने देश के लिए सभी छह नदियों के पानी को सुरक्षित रखेंगे।÷ बिलावल ने दावा किया कि पाकिस्तान के ऑपरेशन बुनियान-उम-मारसूस में भारतीय वायुसेना के 6 लड़ाकू विमान गिराए गए। इसमें तीन राफेल और दर्जनों ड्रोन शामिल थे।

**इजराइल का रवैया वर्ल्ड वॉर की ओर धकेल रहा :** इसके साथ बिलावल ने इजराइल के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर विश्व ने ईरान के खिलाफ इजराइल



की कार्रवाइयों पर चुप्पी साधी, तो कोई नही बचेगा। बिलावल ने जर्मन पादरी मार्टिन नीमोलर की कविता फर्स्ट दे केम का जिक्र किया। उन्होंने कहा- पहले वे फिलिस्तीनियों के लिए आए, लेकिन दुनिया चुप रही। फिर लेबनानी, फिर यमनी और अब ईरान के लिए आए हैं। अगर हम अब नहीं बोले, तो जब वे हमारे लिए आएंगे, कोई नहीं बचेगा। बिलावल ने इजराइल के ईरान पर हमले और अमेरिका के तेहरान के परमाणु संयंत्रों पर की गई बमबारी को इस बढ़ते संघर्ष का कारण बताया। उन्होंने इजराइल के रवैये को वर्ल्ड वॉर-3 की ओर ले जाने वाला बताया।

**पाकिस्तान में राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की आपात बैठक :** अमेरिका का ईरान के तीन परमाणु संयंत्रों पर हवाई हमले के बाद बनी क्षेत्रीय स्थिति पर चर्चा के लिए सोमवार को पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की आपात बैठक बुलाई गई है। ये बैठक पीएम शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में होगी। न्यूज चैनल डॉन के मुताबिक ये बैठक आज शाम को होगी। सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर भी इसमें हिस्सा लेंगे। हाल ही में अमेरिका दौरे से लौटे फील्ड मार्शल मुनीर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ अपनी बैठक का ब्योरा समिति को देंगे। मुनीर ने अमेरिका में ईरान-इजराइल युद्ध खत्म करने की वकालत की थी। हालांकि अमेरिकी पाकिस्तानियों को संबोधित करने के दौरान उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। लोगों ने मुनीर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्हें तानाशाह और कातिल बताया। पाकिस्तान ने ईरान के साथ खड़े होने की बात कही पाकिस्तान ने अमेरिका के ईरान के परमाणु संयंत्रों पर हमले की निंदा की है। शहबाज शरीफ ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान से फोन पर बात की। प्रधानमंत्री ने ईरान के लोगों और सरकार के साथ होने की बात कही और हमलों में हुए जानमाल के नुकसान पर अफसोस जताया।

# भारत ने गंवाया लीड्स टेस्ट, इंग्लैंड ने हासिल की रिकॉर्डतोड़ जीत

**लीड्स (एजेंसी)।** बेन डकेट (149) की शतकीय, जैक क्रॉली (65) और जो रूट (नाबाद 53) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत इंग्लैंड ने पहले टेस्ट मैच के पांचवें एवं आखिरी दिन मंगलवार को भारत को पांच विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ इंग्लैंड ने टेस्ट श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है। भोजनकाल के बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड को पहला झटका प्रसिद्ध कृष्णा ने जैक क्रॉली (65) को आउटकर दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये पहली पारी के शतकवीर ऑली पोप (आठ) को भी प्रसिद्ध कृष्णा ने बोल्ड कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। इसके बाद शार्दुल ठाकुर ने बेन डकेट को नीतीश कुमार रेड्डी के हाथों कैच आउट कराकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। बेन डकेट ने 170 गेंदों में 21 चौकों और एक छक्के की मदद से (149) रनों की पारी खेली। इसी ओवर में उन्होंने हैरी ब्रूक (शून्य) को भी आउट कर पवेलियन भेज दिया। प्रसिद्ध कृष्णा, शार्दुल ठाकुर (दो-दो विकेट) के झटकों को झेलते हुए इंग्लैंड ने मैदान गिला होने के कारण खेल रोके जाने के समय चायकाल तक चार विकेट पर 269 रन बना लिये थे। चायकाल के बाद रवींद्र जडेजा ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (33) को आउट कर भारत पांचवीं सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये जेमी स्मिथ ने जो रूट के साथ पारी को संभाला और धैर्य के साथ बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम को जीत की ओर ले गये। इंग्लैंड ने 82 ओवर में पांच विकेट पर 373 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया। जो रूट (53) और जेमी स्मिथ (44) रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की हार कारण खराब क्षेत्ररक्षण रहा। भारतीय खिलाड़ियों ने कई कैच छोड़े जिसका खामियाजा हार के रूप में सामने आया। भारत की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा, शार्दुल ठाकुर ने दो-दो विकेट लिये। रवींद्र जडेजा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड ने सुबह के सत्र में कल के 21 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। जैक क्रॉली और बेन डकेट की सलामी जोड़ी ने संयम का परिचय देते हुए भारतीय गेंदबाजी आक्रमण का सामना किया और रन भी बटोरे। भोजनकाल तक इंग्लैंड ने 30 ओवरों में बिना कोई विकेट खोए 117 रन बना लिये और टीम के मैच जीतने की उम्मीद जगाई। उल्लेखनीय है कि भारत ने पहली पारी में यशस्वी जायसवाल, कप्तान शुभमन गिल और ऋषभ पंत की शतकीय पारियों की बदौलत 471 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके बाद इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 465 रन का स्कोर बनाया था। भारत ने दूसरी पारी में 364 रन का स्कोर बनाया था और उसके पहली पार में सात रन की बढ़त मिली थी।



# शार्दुल ठाकुर दूसरे टेस्ट से हो सकते हैं बाहर, इस खिलाड़ी को मिल सकता है मौका, मुख्य कोच ने दिया इशारा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पहले मैच में शार्दुल ठाकुर से कम गेंदबाजी कराने के कप्तान शुभमन गिल के फैसले का बचाव किया लेकिन दो जुलाई से शुरु हो रहे दूसरे टेस्ट में उनके चयन को सही ठहराना मुश्किल होगा। दिसंबर 2023 के बाद से अपना पहला टेस्ट खेल रहे शार्दुल का तेज गेंदबाजी में अच्छा उपयोग नहीं हुआ और उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से भी टीम को निराश किया। उन्होंने दो पारियों में 20 गेंदों पर कुल पांच रन बनाए।

शार्दुल ने मैच की पहली पारी में सिर्फ छह ओवर और दूसरी पारी में 10 ओवर गेंदबाजी की। ऐसे में विशेषज्ञ गेंदबाज की जगह उन्हें तरजीह देने पर सवाल उठ रहे हैं। शार्दुल ने मैच के पांचवें दिन हालांकि लगातार दो विकेट लेकर भारत की जीत की उम्मीदें जगा दी थी लेकिन उनकी गेंदबाजी में धार और पैनापन नहीं था। उन्होंने और प्रसिद्ध कृष्णा ने बहुत सारी कमजोर गेंदें फेंकी, जिससे इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर दबाव नहीं बना। भारत को इस पांच दिवसीय मैच में ज्यादातर समय तक दबदबा बनाये रखने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बावजूद टीम को ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। एजबेस्टन टेस्ट के लिए हालांकि अंतिम एकादश में कुछ बदलाव तय हैं। विशेषज्ञों ने श्रृंखला के पहले मैच में कुलदीप यादव को शामिल करने की मांग की थी और अब बर्मिंघम में स्पिनरों की मदद करने वाली पिच पर शार्दुल की जगह उन्हें शामिल किए जाने की संभावना है। पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप वेंगसरकर ने कहा, 'कुलदीप को टीम में होना चाहिए। चार तेज गेंदबाजों के साथ खेलने का कोई मतलब नहीं है। शार्दुल या प्रसिद्ध में से कोई भी उनके लिए जगह बना सकता है।'

# छह कैच छोड़ने के बाद भी नाच रहे यशस्वी पर भड़के प्रशंसक



**लीड्स (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स टेस्ट में अपने खराब क्षेत्ररक्षण के कारण प्रशंसकों के निशाने पर हैं। इस मैच में यशस्वी ने 6 कैच छोड़े, इसके बाद भी वह मैदान पर डांस कर रहे थे। जिससे भारतीय प्रशंसक भड़क गये क्योंकि इस मैच में भारतीय टीम को बड़े स्कोर के बाद भी हार का सामना करना पड़ा है। दूसरी पारी में बेन डकेट का कैच छोड़ने के कुछ ही देर बाद यशस्वी के डांस पर प्रशंसक बेहद नाराज दिखे। डकेट ने इस मैच में शानदार पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिला दी। भारतीय टीम की हार का कारण यशस्वी का कैच छोड़ना रहा। यशस्वी ने दोनों पारियों में कुल मिलकाकर 6 से ज्यादा कैच छोड़े। मैच का उनका एक वीडियो भी सोशल मीडिया में आया है। उसमें वह डकेट का कैच छोड़ने के कुछ ही देर बाद मुस्कुराते और डांस करते दिख रहे हैं। डकेट जब 97 के स्कोर पर थे तभी कैच गिरने के बाद भी उन्होंने 149 रन की मैच विजेता पारी खेली। वह प्लेयर ऑफ द मैच भी बनी। यशस्वी ने भारतीय टीम की ओर से पहली पारी में शतक लगाया था पर खराब क्षेत्ररक्षण से उन्होंने अब बेकार कर दिया।

एक भारतीय प्रशंसक ने यशस्वी के वीडियो क्लिप के साथ पोस्ट किया, 'टीम हार रही है और वह डांस कर रहे हैं। ये बेशर्मी हैं, वहीं एक अन्य ने कटाक्ष किया, 'यशस्वी एक ही मैच में 7 कैच टपकाने के बाद खुशी से नाच रहे हैं। इंग्लैंड को उन्होंने अपने बल पर जीतने में सहायता की।'

वहीं एक प्रशंकस ने कहा कि अगर अभी रोहित शर्मा कप्तान होते तो यशस्वी को थप्पड़ लग गये होते। वहीं कुछ लोगों को कहना कि अगर इसमें भारतीय टीम जीतती तो कैच छोड़ने पर भी यशस्वी की आलोचना नहीं होती इस टेस्ट में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 471 रन बनाए। इसके बाद इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 465 रन बनाए। भारत की दूसरी पारी में 364 रन बनाये। मेजबान इंग्लैंड ने जीत के लिए मिले 372 रनों के लक्ष्य को बेन डकेट और जैक क्रॉली के विकेट के लिए 188 रन की साझेदारी की सहयता से हासिल कर लिया।

# नीरज ने ओस्ट्रावा गोल्डन इस्पाइक एथलेटिक्स में स्वर्ण जीता

**ओस्ट्रावा (एजेंसी)।** भारत के शीर्ष भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने चेक गणराज्य में हुए 64वें ओस्ट्रावा गोल्डन इस्पाइक एथलेटिक्स एथलेटिक्स टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता है। नीरज ने पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में अपने तीसरे प्रयास में 85.29 मीटर भाला फेंककर पहला स्थान हासिल किया। वहीं दक्षिण अफ्रीका के डौव स्मिट 84.12 मीटर भाला फेंककर दूसरे जबकि ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स 83.63 मीटर भाला फेंककर तीसरे स्थान पर रहे।



नीरज की यह सत्र की तीसरी जीत रही। इससे पहले वह पोटचेफस्ट्रूम (दक्षिण अफ्रीका) में 84.52 मीटर भाला फेंककर और पेरिस डायमंड लीग - में 88.16 मीटर भाला फेंककर पहले स्थान पर रहे थे। इस सत्र में नीरज अब तक एक बार ही 90 मीटर के आंकड़े तक पहुंच पाये हैं। डोहा डायमंड लीग में नीरज ने पहली बार 90.23 मीटर भाला फेंककर 90 मीटर का आंकड़ा पार किया था पर वह जूलियन वेबर 91.06 मीटर से पिछड़ गये। पोलैंड के जानुस कुशोचिंस्की मेमोरियल में नीरज 84.14मीटर भाला फेंककर एक बार फिर वेबर 86.12 मीटर से पिछड़ गये।

अब नीरज बेंगलुरु में अगले माह एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का इवेंट आयोजित कर रहे हैं। इसमें वह दुनिया भर के शीर्ष स्तर के भाला फेंक खिलाड़ियों से प्रतिस्पर्धा करेंगे। ये भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक इवेंट होगा। इस इवेंट का आयोजन जेएसडब्ल्यू स्पोर्टस एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और विश्व एथलेटिक्स मिलकर करेंगे। नीरज इस इवेंट के जरिये अपने प्रदर्शन को और निखारना चाहेंगे।

# टीम नहीं जीती तो व्यक्तिगत उपलब्धियों का मतलब नहीं : गंभीर



**लीड्स (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के दो शतक को लेकर कहा कि अगर टीम जीत नहीं पाती है तो व्यक्तिगत उपलब्धियों का कोई मतलब नहीं रह जाता। वहीं जब उनसे इंग्लैंड के हाथों पहले टेस्ट में मिली हार के बीच भी सकारात्मक बातों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि सबसे अहम परिणाम होता है जो टीम अपने पक्ष में नहीं ला पायी। वहीं गंभीर से जब ऋषभ के दो शतकों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा ,''तीन और शतक बने थे। ये सब सकारात्मक बातें हैं।''

वहीं मैच के सकारात्मक पहलुओं के बारे में पूछने पर गंभीर ने कहा ,''अगर आप कहते कि यशस्वी जायसवाल ने शतक जमाया और शुभमन गिल ने कप्तान के तौर पर पहले ही मैच में शतक लगाया तो मुझे अच्छा लगता। इसके अलावा केएल राहुल ने भी शतक लगाया और ऋषभ ने दो शतक लगाये। एक टेस्ट में पांच शतक बड़ी बात है। यह सवाल बेहतर हो सकता था।'' कोच ने कहा कि अगर टीम हारती है तो व्यक्तिगत उपलब्धियां काम नहीं आतीं। उन्होंने हालांकि कहा ,''ये सब सकारात्मक पक्ष हैं। जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट लिये पर अंत में तो टीम हार ही गयी।'' उन्होंने कहा , ''व्यक्तिगत प्रदर्शन अच्छी बात है। हमें शीर्ष छह से बड़ी पारियां चाहिये थी पर अंत में तो हम टेस्ट मैच जीत नहीं सके। अब हमें इससे सीख लेकर आगे बढ़ना होगा।''

# भारत के 9 वर्षीय खिलाड़ी ने विश्व नम्बर 1 मैग्नस कार्लसन को ड्रॉ पर रोका

नई दिल्ली । दिल्ली के नौ वर्षीय आरित कपिल एक प्रमुख ऑनलाइन मंच पर आयोजित 'अर्ली टाइटल्ड ट्यूजडे' शतरंज टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराने के करीब पहुंच गए थे लेकिन आखिर में उन्हें ड्रॉ पर संतोष करना पड़ा। हाल ही में अंडर-9 राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में उप-विजेता रहे आरित ने पांच बार के विश्व चैम्पियन कार्लसन को हार के कगार पर पहुंचा दिया था लेकिन समय समाप्त होने और घड़ी में केवल कुछ सेकंड बचे होने के कारण यह युवा भारतीय खिलाड़ी अपनी बढ़त को भुनाने में असमर्थ रहा और उसे ड्रॉ पर मजबूर होना पड़ा। आरित ने जॉर्जिया के अपने होटल से इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जहां वह वर्तमान में अंडर-10 विश्व चैंपियनशिप में खेल रहे हैं। इस बीच भारत के वी प्रणव ने 11 में से 10 अंक लेकर 'अर्ली टाइटल्ड ट्यूजडे' का खिताब जीत लिया। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हैंस मोके नीमन और कार्लसन दोनों ने 9.5 अंक हासिल किए, लेकिन नीमन ने टाईब्रेक में दूसरा स्थान हासिल किया।



# भारत के निचले क्रम को दो बार आउट करना निर्णायक रहा : बेन स्टोक्स

लीड्स । इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने पहले टेस्ट में भारत पर मिली पांच विकेट से जीत का श्रेय अपने गेंदबाजों को दिया है जिन्होंने भारत के निचले क्रम को दो बार आउट किया। जीत के लिए 371 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज बेन डकेट और जैक क्रॉली ने पहले विकेट के लिए 188 रन की साझेदारी की। स्टोक्स ने हालांकि कहा कि मैच का पलड़ा उसी समय उनके पक्ष में हो गया था जब इंग्लैंड के गेंदबाजों ने भारत को बड़ा स्कोर बनाने से रोका।



उन्होंने मैच के बाद कहा, 'यह बल्लेबाजी के लिए अच्छी विकेट थी। बड़े स्कोर से इसका पता चलता है। लेकिन मैच का निर्णायक पल यही था कि हमने दो बार भारत के निचले क्रम को आउट कर दिया। इसी वजह से हम उन्हें बड़ा स्कोर बनाने से रोक पाए और विशाल लक्ष्य नहीं मिला जिसे पाना मुश्किल हो जाता। हमने उन्हें 450-500 से आगे नहीं जाने दिया जो वह एक समय बनाते दिख रहे थे।' भारत ने पहली पारी में आखिरी छह विकेट 41 रन के भीतर गंवा दिए और दूसरी पारी में भी आखिरी छह विकेट 34 रन के भीतर गिर गए। स्टोक्स ने कहा, 'जीत के लिए 371 रन के लक्ष्य के जवाब में अच्छी शुरूआत चाहिए थी। ऐसे में विकेट बचाकर खेलना जरूरी था। डकेट और जैक ने जिस तरह से खेला, वह काबिले तारीफ है। दोनों एक दूसरे के पूरक बनकर खेले। दाहिने, बाएं हाथ के बल्लेबाजों के संयोजन के सामने गेंदबाजों को मुश्किल हुई होगी।'

# ऋषभ इस सीरीज के अंत तक तोड़ सकते हैं द्रविड़ का रिकार्ड : मांजरेकर

**लीड्स (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि जिस प्रकार से ऋषभ खेल रहे हैं। उससे वह इस सीरीज के अंत तक इंग्लैंड में सबसे ज़्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले भारतीय खिलाड़ी बन सकते हैं। अभी ये रिकाउ राहुल द्रविड़ के नाम है। ऋषभ ने पहले टेस्ट की दोनो ही पारियों में शतक लगाये हैं। इससे ऋषभ के इंग्लैंड में टेस्ट शतकों की संख्या 4 हो गई है, जो द्रविड़ 6 शतक से सिर्फ 2 कम है, और मांजरेकर को लगता है कि सीरीज में चार टेस्ट शेष रहने पर वह इंग्लैंड में सबसे अधिक टेस्ट शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बनने के लिए पूर्व कप्तान की बराबरी कर सकते हैं या उनसे आगे निकल सकते हैं।



उन्होंने कहा, ऋषभ इस टेस्ट टीम में विकेटकीपर के रूप में भारत की पहली और आखिरी पसंद हैं। अब अगर आप संख्याओं को देखें तो इंग्लैंड में टेस्ट में भारतीयों द्वारा सबसे अधिक 6 शतक साथ द्रविड़ सबसे आगे हैं। अचानक आपके पास उसी विशिष्ट वर्ग में ऋषभ का नाम है। उन्होंने कहा, आपके पास केएल राहुल हैं और आपके पास ऋषभ हैं। कौन जानता है, जब तक यह सीरी समाप्त होगी, ऋषभ द्रविड़ की बराबरी कर सकते हैं या उनसे आगे भी निकल सकते हैं। इस सीरीज में अभी चार टेस्ट मैच होने हैं जो कि ऋषभ के लिए संभावित रूप से 8 पारियां हैं। उन्होंने पहले ही लगभग शानदार शुरुआत कर दी है। ऋषभ दूसरी पारी में 140 गेंदों पर 118 रन बनाकर आउट हो गए। केएल राहुल ने पहली पारी में बल्ले से भी प्रभावशाली रहे, जबकि दूसरी पारी में उन्होंने दूसरी पारी में शतक लगा दिया। ऋषभ और राहुल ने चौथे विकेट के लिए 195 रन जोड़े, जो इंग्लैंड में टेस्ट मैच की दूसरी पारी के दौरान चौथे विकेट के लिए भारत की अब तक की सबसे बड़ी साझेदारी है।

राहुल के योगदान और तकनीक के बारे में बात करते हुए मांजरेकर ने कहा, केएल की एकमात्र आलोचना निरंतरता है जो महानता का एक महत्वपूर्ण पैमाना है। लेकिन बल्लेबाजी तंत्र पर वह लगभग दोषरहित है। चाहे ऑस्ट्रेलिया हो, दक्षिण अफ्रीका हो, इंग्लैंड हो या न्यूजीलैंड, उनकी तकनीक में कोई स्पष्ट कमजोरी नहीं दिखती। यही कारण है कि वह सेना देशों में सफल हैं, पांच टेस्ट शतकों के साथ एशियाई सलामी बल्लेबाजों में सुनील गावस्कर के बाद दूसरे स्थान पर हैं।

# आईसीसी रैंकिंग में सातवें स्थान पर पहुंचे ऋषभ



दुबई । भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) रैंकिंग में सातवें स्थान पर पहुंच गये हैं। ऋषभ को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में दो शतक लगाने से लाभ हुआ है। इससे वह एक स्थान के लाभ के साथ ही सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऋषभ के अभी 801 रेटिंग अंक हैं। यह उनके करियर की सबसे अच्छी रेटिंग है। उन्होंने लीड्स टेस्ट की पहली पारी में 134 और दूसरी पारी में 118 रन बनाए थे। भारतीय टीम कप्तान शुभमन गिल को भी शतक लगाने से लाभ हुआ है और पांच स्थान ऊपर आये हैं। शुभमन ने 147 रन बनाये थे जिससे अब वह 20 वें नंबर पर पहुंच गये हैं। भारत के यशस्वी जायसवाल ने भी पहले टेस्ट में शतक लगाया था। जिससे वह चौथे स्थान पर बने हुए हैं। वहीं इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट को बल्लेबाजों की सूची में पांच स्थान का लाभ हुआ है। इससे डकेट अब आठवें पायदान पर पहुंच गए हैं। डकेट की 149 रनों की पारी से इंग्लैंड को जीत मिली। डकेट ने पहली पारी में अर्धशतक लगाया था।

# हीली अभी नहीं लेंगी संन्याय



सिडनी । ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान एलिसा हीली ने कहा है कि अभी उनका संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है और वह इसी साल होने वाले एकदिवसीय विश्वकप के बाद भी खेलती रहेंगी। 35 साल की इस क्रिकेटर ने कहा है कि वह साल 2026 में भारत के खिलाफ होने वाली सीरीज तक तो रहेंगी ही। हीली पिछले साल से ही लगातार चोटों से परेशान रही हैं, टी20 विश्व कप के दौरान उनके पैर में स्ट्रेस फेक्चर भी हुआ था। इसके बाद घुटने में दर्द के कारण उन्हें कई मैचों से बाहर होना पड़ा। हीली ने माना है कि पहले वह इस साल भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के बाद संन्यास लेने का सोच रहीं थीं पर अब उनका इरादा बदल गया है। हीली ने कहा, '' मेरे संन्यास लेने की तारीख बदल गई है। फिटनेस में आ रही परेशानी के कारण मैं अब भी शायद जितना सोचा था, उससे थोड़ा अधिक करना चाहती हूं।'' वह ऑस्ट्रेलियाई टीम की ओर से की घरेलू मैदान पर एशेज जीत के दौरान कुछ मैच खेलीं पर फिट नहीं होने के कारा न्यूजीलैंड के दौरे और भारत में महिला प्रीमियर लीग में भाग नहीं ले पाईं। हीली ने कहा, ''कभी-कभी जीवन में ऐसी चीजें होती हैं जो हरे और सुनहरे रंग की जर्सी पहनने से थोड़ी अधिक अहम होती हैं। इसलिए यह केवल आंकलन है।''

# शुभमन गिल ने पहले टेस्ट में हार की वजह बताई, इन खिलाड़ियों पर निकाली भड़ास

लीड्स । भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में पांच विकेट से मिली हार के बाद स्वीकार किया कि निचले क्रम के बल्लेबाजों से रन नहीं बन पाना हार का अहम कारण रहा। उप-कप्तान ऋषभ पंत ने दोनों पारियों में शतक जमाया जबकि गिल, यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने भी शतक बनाये लेकिन भारत दोनों पारियों में अपेक्षित बड़ा स्कोर नहीं बना सका और कई अहम कैच भी छूटे। पहली पारी में एक समय स्कोर तीन विकेट पर 359 रन रहने के बाद पूरी टीम 471 रन पर आउट हो गई। दूसरी पारी में भी आखिरी छह विकेट 77 रन के भीतर गिर गए। गिल ने मैच के बाद कहा, 'यह शानदार टेस्ट मैच था। हमारे पास मौके थे लेकिन हमने कैच छोड़े और निचले क्रम से भी रन नहीं बने। लेकिन टीम पर गर्व है और कुल मिलाकर अच्छा प्रयास था। कल हम 430 के करीब रन बनाकर पारी घोषित करने की सोच रहे थे लेकिन निचले क्रम पर रन नहीं बनने से मुश्किल हो गई।' उन्होंने कहा, 'हमने निचले क्रम के योगदान पर बात की लेकिन यह इतनी जल्दी (विकेटों का पतन) हो गया। हमें आने वाले मैचों में इसमें सुधार करना होगा।' उन्होंने कैच छूटने पर अपने क्षेत्ररक्षकों का बचाव करते हुए कहा, 'इस तरह की विकेटों पर आसानी से मौके नहीं मिलते। यह युवा टीम है और सीख रही है। उम्मीद है कि इन पहलुओं पर आगे बेहतर प्रदर्शन होगा।' गिल ने कहा कि दो जुलाई से बर्मिंघम में होने वाले दूसरे टेस्ट में समय है और जसप्रीत बुमराह को लेकर मैच से पहले फैसला लिया जाएगा। बुमराह की उपलब्धता पर पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'हम मैच दर मैच देखेंगे। दूसरे टेस्ट के करीब आने पर फैसला लिया जाएगा।'



# शुभमन गिल की मैदान पर आभा रोहित और विराट जैसी प्रभावशाली नहीं : इंग्लैंड के पूर्व कप्तान

**लीड्स (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के शुरूआती टेस्ट में पांच विकेट से शिकस्त मिलने के बाद भारत के नए कप्तान शुभमन गिल की रणनीति की आलोचना के बीच पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि 'मैदान पर उनमें रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसा आभा नहीं दिखी।' भारत को इस मैच में पांच शतकीय पारियों के बाद भी हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड ने मंगलवार को मैच के पांचवें दिन 371 रन का लक्ष्य पांच विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। टीम ने इसके साथ ही श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली।

रोहित शर्मा के बाद कप्तान के रूप में अपने पहले टेस्ट में गिल को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा और हुसैन ने कहा कि यह युवा खिलाड़ी कप्तान के तौर पर 'सक्रिय होने के बजाय प्रतिक्रिया दे रहा' था। हुसैन ने कहा, 'मैंने देखा कि कोई तरीका ढूंढने की कोशिश कर रहा था। उसके (गिल) पास मैदान पर रोहित और (विराट कोहली) जैसी आभा नहीं दिखी। मुझे लगा कि वह सक्रिय होने के बजाय प्रतिक्रिया दे रहा था।'

उन्होंने कहा, 'जब रोहित और कोहली टीम की कप्तानी कर रहे थे तब आपको देख कर ही समझ आ जाता था कि कौन नेतृत्व कर रहा है लेकिन इस मैच में मुझे लगा कि दो या तीन कप्तान है। ऐसा लगा जैसे एक समिति टीम का नेतृत्व कर रही है।' हुसैन ने कहा कि भारत मैच इसलिए हार गया क्योंकि गिल दो चीजों (कैच छोड़ना और निचले क्रम के बल्लेबाजों का घुटने टेकना) को नियंत्रित नहीं कर सके।

उन्होंने कहा, 'टीम की यह स्थिति मुझे चिंतित करती है। भारत के पास लंबे समय से रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल जैसे शानदार स्पिन-गेंदबाजी हरफनमौला रहे हैं। वे हालांकि इंग्लैंड में अब भी एक तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर की तलाश कर रहे हैं जो बल्लेबाजी कर सके।' इंग्लैंड के लिए 1990 से 2004 के बीच 96 टेस्ट खेलने वाले इस 57 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, 'भारतीय टीम अगर 31 रन पर छह विकेट और 41 रन पर सात विकेट गंवाते रही तो तो इस श्रृंखला का परिणाम जल्दी तय हो जाएगा।'

भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि गिल ने 'उनसे जितना अपेक्षित था, उससे कहीं अधिक किया है।' शास्त्री ने कहा, 'इस परिणाम के बावजूद कोचिंग स्टाफ के लिए इस मैच में कई सकारात्मक पहलू है। गिल ने एक कप्तान के रूप में उससे कहीं अधिक किया है, जितना अपेक्षित था।' शास्त्री ने कहा, '' उन्होंने अपने पहले टेस्ट में शतक बनाया। खिलाड़ियों का कैच छोड़ना उसके नियंत्रण में नहीं है।'

गिल ने भारत की पहली पारी में 471 रन के कुल स्कोर में 147 रन बनाए। उन्होंने दूसरी पारी में आठ रन बनाए। शास्त्री ने कहा, 'भारत के लिए इस हार को पचा पाना मुश्किल होगा। आप अक्सर ऐसी स्थिति में नहीं आते और वहां से हार मान लेते हैं। उनके पास इंग्लैंड को मुकाबले से बाहर करने के कई मौके थे।' शास्त्री ने कहा, 'उन्हें सीखना होगा और उन्हें निचले क्रम के बल्लेबाजों से अधिक सहयोग की जरूरत है। आपको अपने विकेट की कीमत को समझना होगा।'

पूर्व भारतीय हरफनमौला ने यह भी कहा कि टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को दो जुलाई से बर्मिंघम में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में खेलना चाहिए। उन्होंने कहा, 'अगर वह आराम की सोच रहे थे तो आपको दो बार सोचना पड़ सकता है। बुमराह अगर उस मैच को नहीं खेलते हैं और आप 2-0 से पिछड़ जाते हैं तो वापसी करना काफी कठिन होगा।' मैच की पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले बुमराह की योजना इस श्रृंखला में तीन मैच खेलने की है। इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का भी मानना है कि भारत के पास टेस्ट जीतने के मौके थे लेकिन उन्होंने उन्हें गंवा दिया। ब्रॉड ने कहा, 'जब आप इस तरह का टेस्ट मैच जीतते हैं तो यह एक शानदार एहसास होता है। भारत के पास इस मैच को नियंत्रित करने के कई मौके थे।' उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड ने बस संघर्ष किया और कड़ी टक्कर दी। लक्ष्य का पीछा करने के मामले में यह शानदार परिणाम था। डकेट ने शानदार प्रदर्शन किया। यह अविश्वसनीय है कि यह टीम लगातार ऐसा कर रही है।'





## रुपया गिरावट पर बंद

**नई दिल्ली।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया तीन पैसी की गिरावट के साथ ही 86.08 रुपये पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस रुपया 86.05 पर बंद हुआ था। रुपये में ये बढ़त तेल की कीमतों में गिरावट से आई हैं। इससे पहले गत दिवस सुबह डॉलर के मुकाबले रुपया 64 पैसे मज़बूत होकर 86.11 पर पहुंचा, जो सोमवार को 86.75 पर बंद हुआ था। यह 13 मई के बाद रुपया की सबसे बड़ी शुरुआती तेज़ी रही है। हालांकि जून महीने में अब तक रुपया कुल 0.61 फीसदी गिर चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान और इजराइल के बीच पूर्ण सीज़फायर की घोषणा के बाद कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। इससे भारत जैसे बड़े तेल आयातक देशों को राहत मिली है।

## मंडी में हरे धनिया की भरपूर आवक फिर भी किसान हो रहा परेशान

**मंडियों में 35 से 40 रुपए किलो बिक रहा, लागत भी नहीं मिल रही**

**नई दिल्ली।**

बाजार में धनिया की भारी आवक से इसकी कीमतों में भारी गिरावट देखी गई। जैसे-जैसे कीमतें कम हो रही हैं, किसानों की समस्याएं बढ़ रही हैं। इस समय मंडियों में धनिया 35 से 40 रुपए किलो बिक रहा है जबकि इस दाम में किसानों को मेहनताना तक भी नहीं मिल पा रहा है। जौनसार बावर क्षेत्र में हरे धनिया की आवक हो रही है। क्षेत्र के किसान पिछले कुछ सालों से नगदी फसलों के साथ-साथ हरे धनिए का भी उत्पादन कर रहे हैं, लेकिन मंडी में धनिया की कीमत को लेकर किसानों की परेशानी बनी हुई है। हालत यह हैं कि किसानों को इसे मंडियों में लाने की लागत भी नहीं मिल रही है। किसानों का कहना है कि इस दाम में किसानों को निराई, गुड़ाई और बाजार तक अपने उत्पादन को पहुंचाने के बाद भी उचित दाम नहीं मिल रहे हैं, जबकि पिछले साल 100 से 150 रुपए प्रति किलो मंडियों में किसानों द्वारा हरा धनिया बेचा गया था, लेकिन इस बार किसान अपनी लागत भी नहीं निकाल पा रहे हैं। इससे कई निराश किसान अपनी उपज मंडी नहीं ले जा रहे हैं।

## हुंडई एसयूवी वेन्यू का फेसलिफ्ट वर्जन लाने की तैयारी में

**नईदिल्ली।**

मारुति सुजुकी, हुंडई और महिंद्रा जैसी दिग्गज कंपनियां अगले कुछ महीनों में ग्राहकों को कई बेहतरीन विकल्प देने जा रही हैं। हुंडई अपनी लोकप्रिय एसयूवी वेन्यू का फेसलिफ्ट वर्जन लाने वाली है, जिसे भारत की सड़कों पर कई बार टेस्टिंग के दौरान देखा जा चुका है। इस फेसलिफ्ट मॉडल में एक्सटीरियर को नया रूप देने के साथ ही आधुनिक फीचर्स जोड़े जाने की उम्मीद है। हालांकि, इंजन में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने की संभावना है। रिपोर्ट्स के अनुसार यह कार साल के अंत तक लॉन्च हो सकती है। दूसरी ओर, महिंद्रा भी अपनी नई इलेक्ट्रिक कॉम्पैक्ट एसयूवी एक्सयूवी 3एक्सओ ईवी को लेकर चर्चा में है। यह कार एक्सयूवी 400 से नीचे पोजिशन की जाएगी और सीधा मुकाबला टाटा पंच ईवी से होगा। इसकी बैटरी एक बार चार्ज होने पर लगभग 400 किलोमीटर की रेंज देने में सक्षम हो सकती है। वहीं, देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी भी फ्रोंक्स का हाइब्रिड वर्जन लॉन्च करने की तैयारी में है। हाल ही में इसे टेस्टिंग के दौरान देखा गया है और इसमें 1.2 लीटर झेड12ई पेट्रोल इंजन के साथ हाइब्रिड सिस्टम मिलने की संभावना है। यह कार भी साल के अंत तक बाजार में दस्तक दे सकती है। इन तीनों एसयूवी के लॉन्च के बाद भारतीय ग्राहकों को कम बजट में बेहतर टेक्नोलॉजी और शानदार माइलेज वाले विकल्प मिल सकेंगे। बता दें कि भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में कॉम्पैक्ट एसयूवी की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में कई बड़ी कंपनियां अपनी नई-नई कॉम्पैक्ट एसयूवी लॉन्च करने की तैयारी में हैं।

# गूगल ने 'एआई मोड इन सर्च' भारत में किया लॉन्च

**अब यूजर्स लंबे और जटिल पूछ सकेंगे सवाल**

**नई दिल्ली।**

गूगल ने भारत में अपने नए एआई-संचालित सर्च फीचर 'एआई मोड इन सर्च' की शुरुआत कर दी है। इस फीचर का पहले अमेरिका में परीक्षण किया जा चुका है और अब भारत में इसे गूगल लैंस के तहत एक प्रयोग के रूप में उपलब्ध कराया है। यह अंग्रेजी भाषा में ही इस्तेमाल किया जा सकता है। गूगल का दावा है कि यह फीचर लोगों के सर्च करने के तरीके को पूरी तरह से बदल देगा, क्योंकि अब यूजर्स लंबे और जटिल सवाल पूछ सकेंगे और उन्हें एआई द्वारा तैयार किए गए जवाब भरोसेमंद स्रोतों के लिंक के साथ मिलेंगे।

यह नया फीचर गूगल के मल्टीमॉडल एआई मॉडल जेमिनी 2.5 पर आधारित है। यूजर्स केवल टेक्स्ट ही नहीं, बल्कि गूगल लैंस के जरिए फोटो लेकर या अपलोड करके भी सवाल पूछ सकते हैं जैसे- कोई पौधे की फोटो लेकर उसकी देखभाल के तरीके पूछ सकता है, या फिर किसी टूटे सामान की तस्वीर भेजकर उसकी मरम्मत की सलाह ले सकता है। यह सुविधा एंड्रॉयड और आईओएस दोनों पर गूगल ऐप में उपलब्ध है।




गूगल का कहना है कि यह फीचर खासतौर पर उन जटिल सवालों के लिए है जिनके लिए पहले कई बार सर्च करना पड़ता था। चाहे स्मार्टफोन की तुलना करनी हो, ट्रिप प्लान करना हो या घरेलू काम सीखना हो- एआई मोड एक ही बार में विस्तृत जवाब देगा। साथ ही फॉलो-अप सवालों के लिए सुझाव और लिंक भी प्रदान करेगा। गूगल के मुताबिक यूजर्स अब दो से तीन गुना लंबी क्वेरी डाल रहे हैं, जिससे साबित होता है कि सर्च अब ज्यादा नेचुरल और डीटेल्ड दे रहा है।

## सोने और चांदी की कीमतें बढ़ीं

**नई दिल्ली।**

घरेलू बाजार में बुधवार को सोने-चांदी की कीमतें बढ़ी हैं। एमसीएक्स पर सोने की कीमत 0.24 फीसदी बढ़कर 97,260 रुपए प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी की कीमत 0.30 फीसदी बढ़कर 1,05,234 रुपए प्रति किग्रा पर पहुंच गयी हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीलय बाजार में भी सोने-चांदी की कीमतों में उछाल आया है। इससे राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 900 रुपए गिरकर 98,900 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 99,800 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी जबकि 99.5 फीसदी शुद्धता वाला सोना 800 रुपए टूटकर 98,300 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया जबकि सोमवार को यह 99,100 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बाजार जानकारों के अनुसार तनाव बढ़ने की आशंका कम होने के साथ, निवेशक मुनाफावसूली कर रहे हैं और सोने की खरीद कम हुई है। वहीं गत दिवस को चांदी की कीमतें भी 1,000 रुपए घटकर 1,04,200 रुपए प्रति किलोग्राम रह गईं।

## 27 जून को 7 दिनों की अवधि वाली वीआरआरआर की नीलामी करेगा आरबीआई

**नई दिल्ली।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) शुक्रवार यानी 27 जून को 7 दिनों की अवधि वाली वेरिएबल रेट रिवर्स रीपो (वीआरआरआर) की नीलामी करेगी। इसका उद्देश्य बैंकिंग सिस्टम में मौजूद अतिरिक्त नकदी को बाहर निकालना है। मौजूदा समय में वेटेड एवरेज कॉल रेट पॉलिसी रीपो रेट से नीचे है, जो नकदी अधिशेष का संकेत देता है। आरबीआई ने कहा कि वर्तमान और संभावित तरलता स्थितियों की समीक्षा के बाद यह फैसला किया गया है कि 27 जून को वीआरआरआर नीलामी की जाएगी। इसके साथ ही आरबीआई ने साफ किया कि 27 जून को 14 दिनों की मुख्य रिवर्स रीपो नीलामी नहीं की जाएगी। यह फैसला आने वाले पखवाड़े की नकदी स्थितियों को ध्यान में रखते हुए लिया है। पिछले दो हफ्तों में बैंकिंग सिस्टम में औसतन 2.5 लाख करोड़ की अतिरिक्त नकदी रखी है, जिसे आरबीआई हर दिन अलग-अलग माध्यमों से सिस्टम से बाहर करता रहा है। आरबीआई के लिक्विडिटी फ्रेमवर्क के मुताबिक अगर किसी ऑपरेशन की अवधि 14 दिन या उससे ज्यादा होती है, तो उसे मुख्य ऑपरेशन कहा जाता है। वहीं 14 दिन से कम अवधि वाले ऑपरेशन को फाइन ट्यूनिंग ऑपरेशन माना जाता है। जानकारों का कहना है कि आरबीआई की ओर से वेरिएबल रिवर्स रीपो रेट नीलामी कराना उम्मीद के मुताबिक ही था। ऐसा इसलिए किया क्योंकि टैक्स भुगतान के बावजूद बैंकिंग सिस्टम में लगातार तरलता बनी है। आरबीआई के ताज़ा आंकड़ों के मुताबिक बैंकिंग सिस्टम में नकदी की स्थिति सोमवार को 2.43 लाख करोड़ सरप्लस में थी। विशेषज्ञों का कहना है कि वेटेड एवरेज ओवरनाइट कॉल रेट अभी भी रीपो रेट से काफी नीचे है। अगर सरकार अगले महीने की शुरुआत में खर्च बढ़ाती है तो यह दर और भी नीचे जा सकती है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 700 , निफ्टी 200 अंक ऊपर आया**

**मुंबई।**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये तेजी ईरान-इजरायल के बीच संघर्ष विराम के कारण दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों से आई है। इससे बाजार में निवेशकों का भरोसा बढ़ा जिससे भी खरीददारी बढ़ी। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भी बाजार को बल मिला। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 700 अंक बढ़कर 82,755.51 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 200 अंक बढ़कर 25,244.75 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान निफ्टी पर टाइटन कंपनी, इंफोसिस, एमएंडएम, ग्रासिम इंडस्ट्रीज, जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए जबकि भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक, आयशर मोटर्स, एक्सिस बैंक, ओएनजीसी के शेयर नुकसान के साथ ही लाल निशान पर रहे। ऑटो, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, आईटी, टेलीकॉम, हेल्थकेयर, मीडिया के शेयरों में 1-2 फीसदी की तेजी रही। जिससे सभी सेक्टोरल इंडेक्स आज हरे निशान पर बंद हुए। बीएसई मिडकैप इंडेक्स में 0.6 फीसदी और स्मॉलकैप इंडेक्स में भी 1.6 फीसदी की तेजी आई। सभी सेक्टरों में आईटी के शेयर सबसे ऊपर रहे। वहीं व्यापक बाजारों में मिडकैप्स फ्रंटलाइन इंडेक्स पीछे रहे जबकि स्मॉलकैप्स ने 1.49 फीसदी बढ़कर अच्छा प्रदर्शन किया। बाजार पूंजीकरण बढ़ने से निवेशकों ने चार लाख करोड़ कमाये इससे पहले आज सुबह बाजार बढ़त के साथ खुला। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने से भी बाजार को बल मिला। इससे सेंसेक्स सुबह 442 अंक




बढ़कर 82,497 के स्तर पर कामकाज करता दिखा जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 126 अंक ऊपर आकर 25,170 पर पहुंचा। वहीं एशिया-पैसिफिक बाजारों में शुरुआती बढ़त के बाद अधिकतर सूचकांकों में सपाट कारोबार हुआ। ईरान और इज़रायल के बीच संघर्षविराम के बाद मध्यपूर्व में तनाव कम होने का सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। जापान के निक्केई में 0.073 फीसदी की हल्की तेजी रही। वहीं टोपिक्स में 0.1 फीसदी का उछाल आया। ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 और दक्षिण कोरिया का कोस्पी भी हल्की गिरावट के साथ सपाट कारोबार कर रहा था। निवेशकों की नजर अब ऑस्ट्रेलिया के महंगाई आंकड़ों पर बनी हुई हैं। दूसरी ओर अमेरिकी बाजारों की बात करें तो वहां तेजी रही। डाओ जोंस 1.19 फीसदी की बढ़त के साथ 43,089.02 पर बंद हुआ, जबकि एसएंडपी 500 में 1.11 फीसदी का उछाल आया और ये 6,092.18 पर पहुंच गया, जो कि इसके 52-हफ्ते के शीर्ष स्तर से केवल 0.9 फीसदी कम है।

# निवेशकों के लिए सेबी ने दी तीन बड़ी कंपनियों के आईपीओ को मंजूरी

**नई दिल्ली।**

शेयर बाजार में निवेश करने वाले कुछ ऐसे निवेशक भी हैं जो आईपीओ के इंतजार में रहते हैं। ये निवेशक आईपीओ पर दांव लगाकर कमाई करना चाहते हैं। ऐसे निवेशकों के लिए अब सेबी ने तीन बड़ी कंपनियों के आईपीओ को मंजूरी दी है। ये कंपनियां- इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार से जुड़ी जीएनजी इलेक्ट्रॉनिक्स, लॉजिस्टिक सेवा प्रदाता ग्लोटिस और दवा कंपनी अमांता हेल्थकेयर हैं।

सेबी ने बताया कि तीनों कंपनियों ने फरवरी-मार्च में नियामक के समक्ष अपने शुरुआती आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे और उन्हें 16 से 20 जून के बीच निष्कर्ष पत्र मिले। जीएनजी इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रस्तावित आईपीओ में 450 करोड़ रुपए के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम और प्रवर्तकों द्वारा 51 लाख शेयरों की बिक्री पेशकश शामिल है। जीएनजी इलेक्ट्रॉनिक्स भारत में लैपटॉप और डेस्कटॉप का सबसे बड़ा रीफर्बिश्ड है। रीफर्बिश्ड के तहत पुराने प्रोडक्ट को सही कर बेचा जाता है।

यह कंपनी भारत, अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका और यूएई में मौजूदगी का दावा करती है। मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड, आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड और जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं। इसी तरह, चेन्नई स्थित ग्लोटिस के आईपीओ में 160 करोड़ रुपए के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम



और 1.45 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश शामिल है। पैंटोमैथ कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड एकमात्र बुक-रनिंग लीड मैनेजर के रूप में काम करता है। इसके अलावा अमांता हेल्थकेयर का आईपीओ पूरी तरह से 1.25 करोड़ नए शेयरों पर आधारित होगा। इन तीनों कंपनियों के शेयरों को बीएसई और एनएसई में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

## जून में भारतीय आर्थिक गतिविधि 14 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंची

**नई दिल्ली।** एचएसबीसी फ्लैश पीएमआई डेटा के अनुसार, जून में भारतीय आर्थिक गतिविधि 14 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। कंपनियों ने कुल नए व्यवसाय के तेजी से बढ़ने और निर्यात ऑर्डर में रिकॉर्ड वृद्धि के जवाब में उत्पादन बढ़ाया। एचएसबीसी फ्लैश इंडिया कंपोजिट आउटपुट इंडेक्स भारत के विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के संयुक्त उत्पादन में मासिक आधार पर परिवर्तन को मापता है। इंडेक्स जून में 61.0 के साथ 14 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। मई में 59.3 से बढ़कर, लेटेस्ट रीडिंग विस्तार की तेज दर के अनुरूप थी, जो लंबी अवधि की सीरीज के औसत से काफी ऊपर थी। निर्माताओं ने व्यावसायिक गतिविधि में उछाल का नेतृत्व किया, हालांकि सेवा अर्थव्यवस्था में भी विकास ने गति पकड़ी। वृद्धि की दरें क्रमशः दो और दस महीने के उच्चतम स्तर पर थीं। पेंडिंग वर्कलोड के लगातार बढ़ने के साथ, फर्म भर्ती मोड में रही। इस बीच, एचएसबीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि इनपुट लागत में दस महीनों में सबसे धीमी गति से वृद्धि होने के कारण मुद्रास्फीति में नरमी आई। पैनलिस्टों के अनुसार, अनुकूल मांग प्रवृत्तियों, दक्षता लाभ और तकनीकी निवेश से उत्पादन में वृद्धि हुई। एचएसबीसी फ्लैश इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई मई में 57.6 से बढ़कर जून में 58.4 हो गया, जो अप्रैल 2024 के बाद से परिचालन स्थितियों में सबसे बेहतर सुधार का संकेत देता है।

# वॉलमार्ट का भारत से 10 अरब अमेरिका डालर के उत्पाद मंगाने का लक्ष्य

**परिधान, खाद्य, खिलौने और अन्य श्रेणियों में निर्यात को देगा बढ़ावा**

**नई दिल्ली।**

अमेरिका की खुदरा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी वॉलमार्ट अपने वैश्विक परिचालन के लिए भारत में आपूर्तिकर्ताओं के साथ काम कर रही है। वॉलमार्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कहा कि वॉलमार्ट ने पिछले कुछ सालों में भारत से अपनी खरीद बढ़ा दी है और वह इस प्रगति से खुश हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में आप देख सकते हैं कि स्थिति कैसे बदल रही है और यह वास्तव में व्यापक और ज्यादा दिलचस्प होता जा रहा है। कंपनी ने 2027 तक भारत से 10 अरब अमेरिका डालर के उत्पाद मंगाने का लक्ष्य रखा है जिसका उद्देश्य परिधान, खाद्य, खिलौने और अन्य श्रेणियों में निर्यात को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि शुरुआत में हम यहां से सीमित श्रेणियों के उत्पाद ले रहे थे लेकिन अब हम इसका विस्तार करने जा रहे हैं। सीईओ ने कहा कि इसमें बढ़ोतरी हुई है और अब हमारा लक्ष्य इसे प्रति वर्ष 10 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना है, जो वास्तव में एक बड़ा आंकड़ा है और आपूर्तिकर्ता समुदाय के साथ मिलकर हम इसे प्राप्त करने के लिए काम कर रहे हैं। कंपनी के सीईओ भारत यात्रा पर हैं। यहां उन्होंने वॉलमार्ट की भारत में विकास गाथा का उल्लेख किया जिसमें निर्यात, डिजिटल नवाचार, समावेशी आपूर्ति श्रृंखलाओं का निर्माण व समुदायों को सशक्त बनाना शामिल है। इसके अलावा उन्होंने कुछ विक्रेताओं से भी बातचीत की जिन्हें आपूर्तिकर्ता विकास कार्यक्रम 'वॉलमार्ट वृद्धि के तहत प्रशिक्षित किया गया है। अपनी ई-कॉमर्स इकाई फ्लिपकार्ट और डिजिटल भुगतान समाधान फोनपे के बारे में उन्होंने कहा कि इन व्यवसायों को बढ़ाने के लिए हमारे दलों ने सालों से जो कुछ किया है, वह प्रेरणादायक है।

वॉलमार्ट ने पिछले साल कहा था कि उसने अपने वैश्विक परिचालन के लिए पिछले दो दशकों में भारत के बाजार से 30 अरब डॉलर से ज्यादा का सामान मंगाया है।

# संभव स्टील का खुला आईपीओ, कंपनी जुटाना चाहती है 540 करोड़

**रिटेल निवेशक 2,366 शेयर के लिए कर सकते हैं आवेदन**

**नई दिल्ली।**

छत्तीसगढ़ की स्टील पाइप बनाने वाली कंपनी संभव स्टील ट्यूब्स का पब्लिक इश्यू आज यानी बुधवार से निवेश के लिए खुल गया। इस इश्यू के ज़रिए कंपनी 540 करोड़ जुटाना चाहती है। इश्यू का प्राइस बैंड 77 से 82 प्रति शेयर रखा गया है। इश्यू में 440 करोड़ के फ्रेश शेयर्स और 100 करोड़ का ऑफर फॉर सेल शामिल है। कंपनी इश्यू ओपन होने से पहले 19 एंकर निवेशकों से 161.25 करोड़ पहले ही जुटा चुकी है। इस आईपीओ में एक लॉट में 182 शेयर रखे गए हैं। निवेशकों को कम से कम 182 शेयरों के लिए बोली लगानी पड़ेगी।

82 के ऊपरी दाम पर देखें तो एक लॉट के लिए न्यूनतम निवेश 14,924 बनता है। रिटेल निवेशक अधिकतम 13 लॉट यानी कुल 2,366 शेयर के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिसकी कीमत करीब 1,94,012 होती है। इश्यू ओपन होने से पहले संभव स्टील के शेयर ग्रे मार्केट में 87 पर ट्रेड कर रहे थे, जो 82 के इश्यू प्राइस से 5 ज्यादा है यानी, ग्रे मार्केट प्रीमियम करीब 6.1 फीसदी का दिख रहा है। इश्यू के लिए सब्सक्रिप्शन विंडो 27 जून यानी शुक्रवार को बंद हो जाएगी। इसके बाद 30 जून को शेयरों का आवंटन होगा। कंपनी के शेयर 2 जुलाई बुधवार को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे।

कंपनी जेड हेरिंग प्रॉसपेक्टस के मुताबिक फ्रेश इश्यू से मिले 390 करोड़ का इस्तेमाल पुराने कर्जों को चुकाने में करेगी। बाकी रकम सामान्य कॉर्पोरेट कामों के लिए रखी है। इससे कंपनी की ब्याज लागत घटेगी और बैलेंस शीट मजबूत होगी। इस आईपीओ का रजिस्ट्रार केफिन टेक्नालॉजिस्ट है, जबकि लीड मैनेजर के तौर पर लुवामा वेल्थ मैनेजमेंट और मोटेल ओसवाल इंवेस्टमेंट एडवाइजर जुड़े हैं।

# एक जुलाई से बदल जाएंगे कई नियम, आपके बजट पर पड़ेगा असर

**अब पैन कार्ड को आधार से लिंक कराना जरुरी, नहीं तो लगेगा जुर्माना**

**नई दिल्ली।**

एक जुलाई से आम लोगों के लिए कई बदलाव हो रहे है। रेलवे टिकट बुकिंग, क्रेडिट कार्ड पेमेंट, ऑनलाइन वॉलेट ट्रांजैक्शन और पैन कार्ड जैसे ज़रूरी कामों के नियम बदले जा रहे हैं। ये छोटे-छोटे बदलाव आपके बजट पर बड़ा असर डाल सकते हैं। एक जुलाई से तत्काल टिकट बुक करने का तरीका बदल जाएगा। अब आईआरसीटीसी की वेबसाइट या मोबाइल ऐप से तत्काल टिकट बुक करते समय यात्रियों को मोबाइल पर एक ओटीपी भेजा जाएगा। जब तक यात्री वह ओटीपी सिस्टम में दर्ज नहीं करेगा, तब तक टिकट कंफर्म नहीं होगा। इस नए प्रोसेस से टिकटों की सुरक्षा और पारदर्शिता बढ़ेगी। बैंकिंग सेक्टर में खासकर क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियमों में एचडीएफसी बैंक ने अपने क्रेडिट कार्ड धारकों के लिए कई नए चार्ज लगाए हैं। अगर आप एचडीएफसी कार्ड से ड्रीम11, एमपीएल, रुम्मी कल्चर जैसे गेमिंग ऐप्स पर महीने में 10,000 से ज्यादा खर्च करते हैं, तो आपको 1 फीसदी अतिरिक्त शुल्क देना होगा। यही चार्ज पेटीएम, मोबिक्विक, फ्रीचार्ज जैसे वॉलेट्स में 10,000 से ज्यादा लोड करने पर भी लगेगा। इसके अलावा यूटिलिटी बिल जैसे बिजली, पानी, गैस आदि पर 50,000 से ज्यादा भुगतान होने पर भी 1 फीसदी का अतिरिक्त चार्ज लगेगा। अगर किसी महीने में फ्यूल पर 15,000 से ज्यादा का खर्च करते हैं, तो वहां भी यही शुल्क लागू होगा। आईसीआईसीआई बैंक ने भी अपने ग्राहकों के लिए एटीएम ट्रांजेक्शन से जुड़े नियमों में बदलाव किए हैं। अब आईसीआईसीआई बैंक ग्राहक अगर किसी अन्य बैंक के एटीएम से महीने में तीन बार से ज्यादा पैसे निकालते हैं, तो प्रत्येक अतिरिक्त फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन पर 23 और नॉन-फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन पर 8.50 चार्ज देना होगा। इससे बैंकिंग से जुड़े खर्चों में बढ़ोतरी होगी। क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट को लेकर भी एक अहम बदलाव किया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नए नियमों के मुताबिक एक जुलाई से सभी क्रेडिट कार्ड बिल का भुगतान अब भारत बिल पेमेंट सिस्टम (बीबीपीएस) के जरिए ही किया जा सकेगा। इससे फोनपे, सीआरईडी, बिलडेस्क जैसे प्लेटफॉर्म पर असर पड़ेगा, क्योंकि अब तक केवल आठ बैंकों ने बीबीपीएस पर यह सुविधा शुरू की है।इसके अलावा, पैन कार्ड बनवाने के नियम भी बदल गए हैं। अब नया पैन कार्ड बनवाने के लिए आधार कार्ड देना जरुरी होगा।

# संभव स्टील का खुला आईपीओ, कंपनी जुटाना चाहती है 540 करोड़

**रिटेल निवेशक 2,366 शेयर के लिए कर सकते हैं आवेदन**




**नई दिल्ली।**

छत्तीसगढ़ की स्टील पाइप बनाने वाली कंपनी संभव स्टील ट्यूब्स का पब्लिक इश्यू आज यानी बुधवार से निवेश के लिए खुल गया। इस इश्यू के ज़रिए कंपनी 540 करोड़ जुटाना चाहती है। इश्यू का प्राइस बैंड 77 से 82 प्रति शेयर रखा गया है। इश्यू में 440 करोड़ के फ्रेश शेयर्स और 100 करोड़ का ऑफर फॉर सेल शामिल है। कंपनी इश्यू ओपन होने से पहले 19 एंकर निवेशकों से 161.25 करोड़ पहले ही जुटा चुकी है। इस आईपीओ में एक लॉट में 182 शेयर रखे गए हैं। निवेशकों को कम से कम 182 शेयरों के लिए बोली लगानी पड़ेगी। 82 के ऊपरी दाम पर देखें तो एक लॉट के लिए न्यूनतम निवेश 14,924 बनता है। रिटेल निवेशक अधिकतम 13 लॉट यानी कुल 2,366 शेयर के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिसकी कीमत करीब 1,94,012 होती है। इश्यू ओपन होने से पहले संभव स्टील के शेयर ग्रे मार्केट में 87 पर ट्रेड कर रहे थे, जो 82 के इश्यू प्राइस से 5 ज्यादा है यानी, ग्रे मार्केट प्रीमियम करीब 6.1 फीसदी का दिख रहा है। इश्यू के लिए सब्सक्रिप्शन विंडो 27 जून यानी शुक्रवार को बंद हो जाएगी। इसके बाद 30 जून को शेयरों का आवंटन होगा। कंपनी के शेयर 2 जुलाई बुधवार को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे। कंपनी जेड हेरिंग प्रॉसपेक्टस के मुताबिक फ्रेश इश्यू से मिले 390 करोड़ का इस्तेमाल पुराने कर्जों को चुकाने में करेगी। बाकी रकम सामान्य कॉर्पोरेट कामों के लिए रखी है। इससे कंपनी की ब्याज लागत घटेगी और बैलेंस शीट मजबूत होगी। इस आईपीओ का रजिस्ट्रार केफिन टेक्नालॉजिस्ट है, जबकि लीड मैनेजर के तौर पर लुवामा वेल्थ मैनेजमेंट और मोटेल ओसवाल इंवेस्टमेंट एडवाइजर जुड़े हैं।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 26 जून 2025
Www.vishalindia.in



## शादी के बाद ज्यादा फिल्मों के ऑफर नहीं मिले हैं

**फिल्म इंडस्ट्री में बेशक बदलाव आया है। हीरोइनों को अब पहले से मजबूत भूमिकाएं मिल रही हैं। शादी और बच्चों के बाद भी वे इंडस्ट्री में एक्टिव हैं। मगर, एक सच्चाई ये भी है कि शादी के बाद जहां अभिनेताओं के करियर पर बड़ा असर नहीं होता, लेकिन अभिनेत्रियों का करियर किसी न किसी रूप में प्रभावित होता है। शादी के बाद अदिति राव हैदरी भी कुछ ऐसा ही महसूस कर रही हैं।**

### शादी के बाद कैसा है अदिति का करियर?

अभिनेत्री अदिति राव हैदरी और एक्टर सिद्धार्थ ने बीते वर्ष सितंबर में शादी रचाई। काफी वक्त एक-दूसरे को डेट करने के बाद कपल शादी के बंधन में बंधा। हाल ही में अदिति राव हैदरी शादी के बाद अपने करियर को लेकर बात करती दिखीं। उन्होंने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में एक बातचीत में अदिति राव हैदरी ने खुलासा किया कि शादी के बाद से उन्हें बहुत ज्यादा फिल्मों के ऑफर नहीं मिले हैं। अपनी खूबसूरती और बहुमुखी प्रतिभा के लिए जानी जाने वाली अदिति की इस टिप्पणी से पता चलता है कि निजी जिंदगी में माइलस्टोन के बाद अभिनेत्रियों को अक्सर इंडस्ट्री में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

### नजरिया बदलने की जरूरत

अदिति की लोकप्रियता और अदाकारी को देखते हुए दर्शकों के लिए इस पर यकीन करना शायद मुश्किल हो कि उन्हें फिल्मों के कम ऑफर मिल रहे हैं। हालांकि, वे अपने करियर को लेकर सकारात्मक हैं। फिर भी अदिति की टिप्पणी ने इस बात पर जोर दिया है कि शादी के बाद अभिनेत्रियों के प्रति नजरिया बदलने की जरूरत है। अदिति को बीते वर्ष सीरीज हीरमंडी में देखा गया। इसमें उन्होंने बिब्बोजान का किरदार निभाया था।



## मीना कुमारी की बायोपिक में नजर आ सकती हैं कियारा

मीना कुमारी की बायोपिक की घोषणा के बाद से ही कई बड़ी एक्ट्रेसेस इस फिल्म का हिस्सा बनने की दौड़ में हैं। अब खबर है कि इस आइकोनिक रोल के लिए मेकर्स ने कियारा आडवाणी को अप्रोच किया है। इस मेगाबजट फिल्म के राइट्स सिद्धार्थ पी. मल्होत्रा ने सारेगामा और अमरोही परिवार के साथ मिलकर खरीदे हैं। बड़े स्तर पर बनाई जा रही इस फिल्म को लेकर पहले से ही जबरदस्त चर्चा है। सूत्रों के मुताबिक, फिल्म की टीम मानती है कि मीना कुमारी जैसी दिग्गज अदाकारा का किरदार निभाने के लिए कियारा एक बेहतरीन चॉइस हैं।

स्क्रिप्ट कियारा को सुनाई जा चुकी है और उन्हें कहानी काफी पसंद भी आई है। हालांकि अभी उन्होंने आधिकारिक तौर पर हामी नहीं भरी है। अगर कियारा इस प्रोजेक्ट के लिए हां करती हैं, तो यह उनकी प्रेग्नेंसी के बाद शूट होने वाली पहली फिल्म हो सकती है, जो इस प्रोजेक्ट को और खास बना देती है। कियारा के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स पर नजर डालें तो 'वार 2', 'टॉक्सिक' और अब मीना कुमारी की बायोपिक उनकी फिल्मों की लाइनअप वाकई दमदार दिख रही है। अब एक बड़ा सवाल ये भी है कि फिल्म में कमाल अमरोही का किरदार कौन निभाएगा? क्योंकि मीना कुमारी और कमाल अमरोही की कहानी में उनकी केमिस्ट्री ही फिल्म की जान होगी।



## भोजपुरी फिल्म रूद्र-शक्ति में साथ आए अक्षरा और विक्रांत सिंह

भोजपुरी सिने जगत की खूबसूरत अदाकारा अक्षरा सिंह और जीआरपी स्टार विक्रांत सिंह राजपूत जल्द ही बड़े पर्दे पर साथ में नज़र आने वाले हैं। आज इसकी घोषणा कर दी गयी है. दोनों बिभूति एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनने वाली नई फिल्म रूद्र-शक्ति में साथ नज़र आयेंगे, जिसमें एक सशक्त कहानी और दमदार अभिनय का संगम देखने को मिलेगा। फिल्म रूद्र-शक्ति को निशांत सी. शेखर निर्देशित कर रहे हैं, जिनका विज़न आधुनिक और पारंपरिक कथानक के समन्वय पर आधारित है। फिल्म का पहला पोस्टर आज जारी किया गया, जिसमें ईश्वरीय शक्ति, स्त्री सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता का संदेश झलकता है। यह पोस्टर दर्शकों में गहरी उत्सुकता जगा रहा है और इसकी कहानी को लेकर पहले ही चर्चाएं शुरू हो चुकी हैं।

फिल्म में शक्ति की भूमिका निभा रही हैं अक्षरा सिंह ने कहा — यह किरदार सिर्फ एक अभिनय का अवसर नहीं, बल्कि एक सामाजिक जिम्मेदारी है। शक्ति एक ऐसी महिला है जो नारीत्व की सच्ची ताकत को दर्शाती है। दर्शक मुझे इस नए अवतार में जरूर पसंद करेंगे, क्योंकि इसमें आत्मबल, करुणा और विद्रोह तीनों एक साथ मिलते हैं। वहीं विक्रांत सिंह राजपूत ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा — इस फिल्म में मेरा किरदार कई भावनात्मक रंगों से भरा है। रूद्र सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि एक विचार है — न्याय, संघर्ष और आत्मपरिवर्तन का। अक्षरा के साथ काम करना हमेशा प्रेरणादायक रहा है और निशांत जी के निर्देशन में हर दृश्य जीवंत महसूस हुआ। रूद्र-शक्ति 18 जुलाई 2025 को रिलीज होगी, और इसके संगीत का जिम्मा टक धूम म्यूज़िक के पास है।



## इंडस्ट्री में संघर्ष पर छलका सानविका का दर्द

**अभिनेत्री सानविका ने प्राइम वीडियो की चर्चित सीरीज पंचायत में रिंकी का रोल अदा कर खूब लोकप्रियता हासिल की है। चौथे सीजन में सचिव जी (जितेंद्र कुमार) के साथ उनकी लव स्टोरी बढ़ती नजर आएगी। हाल ही में सानविका ने इंडस्ट्री में अपने संघर्ष पर बात की।**

### इनसाइडर होने की जताई इच्छा

सानविका आउटसाइडर हैं। उन्होंने पंचायत सीरीज में रिंकी के रोल के जरिए पहचान बनाई है। मगर, इस रास्ते उन्हें खूब संघर्ष करना पड़ा है। उनका हालिया पोस्ट यही इशारा कर रहा है, जिसमें वे खुद के इनसाइडर होने की कामना कर रही हैं। सानविका का कहना है कि काश वे इनसाइडर होतीं या फिर एक मजबूत बैकग्राउंड से होतीं।

### ... तो आसान होतीं चीजें

सानविका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे लिखती हैं, कभी-कभी यह सोचती हूं कि काश मैं एक इनसाइडर होती। या किसी बहुत मजबूत बैकग्राउंड से आई होती तो चीजें बहुत आसान होतीं। शायद ऐसा होता, मुझे नहीं मालूम। शायद  सम्मान पाने और समान व्यवहार पाने जैसी बुनियादी चीजें आसान होतीं। संघर्ष और बराबरी की लड़ाई थोड़ी कम होती।

### फुलेरा में होगा प्रधानी का चुनाव

बता दें कि सानविका का असली नाम पूजा सिंह है। प्राइम वीडियो की चर्चित सीरीज पंचायत का चौथा सीजन दस्तक देने वाला है। इस बार सीरीज में फुलेरा गांव में प्रधानी का चुनाव देखने को मिलेगा। मंजू देवी और क्रांति देवी के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी।

### कब रिलीज होगा चौथा सीजन?

पंचायत सीजन 4 24 जून से स्ट्रीम होगा। शो में जितेंद्र कुमार सचिव की भूमिका में नजर आएंगे। शो के चौथे सीजन में भी नीना गुप्ता, रघुबीर यादव, फैसल मलिक और चंदन रॉय जैसे सितारे नजर आएंगे।



## मुश्किल में साउथ के एक्टर विजय देवरकोंडा, दर्ज हुई शिकायत


अभिनेता विजय देवरकोंडा मुश्किल में आ गए हैं। उनके खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत शिकायत दर्ज की गई है। इल्जाम है कि वियज देवरकोंडा ने कथित तौर पर आदिवासी समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली बयानबाजी की। रायदुर्गम पुलिस स्टेशन में दर्ज हुई शिकायत यह शिकायत ज्वाइंट एक्शन कमेटी ऑफ ट्राइबल कम्युनिटी के अध्यक्ष नेनावथ अशोक कुमार ने दर्ज कराई है। उन्होंने दावा किया कि फिल्म रेट्रो के प्री-रिलीज कार्यक्रम के दौरान देवरकोंडा की टिप्पणियां आपत्तिजनक थीं। इनसे आदिवासी समुदाय का अपमान हुआ। साइबराबाद के रायदुर्गम पुलिस स्टेशन में देवरकोंडा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और जांच चल रही है।

### विजय देवरकोंडा ने की विवादित टिप्पणी

आपको बता दें कि हैदराबाद में रेट्रो फिल्म के प्रमोशन के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में विजय देवरकोंडा को मुख्य अतिथी के तौर पर बुलाया गया था। उस वक्त कश्मीर के पहलगाम में हमला हुआ था। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद चर रहा था। ऐसे में विजय पाकिस्तान के खिलाफ बोल रहे थे। इसी कड़ी में उन्होंने विवादित टिप्पणी करते हुए कहा जैसे पहले आदिवासी कबीले लड़ते थे, वैसे ही अब भारत और पाकिस्तान लड़ रहे हैं। यह बात संगठन ज्वाइंट एक्शन कमेटी ऑफ ट्राइबल कम्युनिटी को पसंद नहीं आई।

संगठन ने विजय की टिप्पणी की आलोचना करते हुए इसे आदिवासियों का अपमान बताया है। उन्होंने कहा आदिवासी समुदाय का हजारों साल पुराना समृद्ध इतिहास है। पर्यावरण संरक्षण में उनकी विशेष भूमिका है। उन्होंने मांग की है कि अभिनेता बोलते समय तथ्यों पर विचार करें। विजय देवरकोंडा की टिप्पणियों को लेकर आदिवासी और जनजातीय समूहों ने पूरे राज्य में आंदोलन किया है। कई जगहों पर पुलिस को शिकायतें मिली हैं। अब रायदुर्गम पुलिस ने विजय देवरकोंडा के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

फिल्म रेट्रो कार्तिक सुब्बाराजू द्वारा निर्देशित और सूर्या द्वारा अभिनीत फिल्म है। यह फिल्म 1 मई को रिलीज हुई थी। इसमें पूजा हेगड़े ने नायिका की भूमिका निभाई थी। फिल्म का प्री-रिलीज इवेंट 26 अप्रैल को हैदराबाद में आयोजित किया गया था।



## लोगों से जुड़ती है मेट्रो इन दिनों की कहानी
## अनुपम खेर ने की निर्देशक अनुराग बसु की तारीफ

बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर अनुपम खेर इन दिनों अनुराग बसु की फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। अभिनेता फिल्म के प्रमोशन में जुटे हुए हैं। फिल्म की रिलीज से पहले उन्होंने अमर उजाला डिजिटल से खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने न सिर्फ अपनी आने वाली फिल्मों पर बात की, बल्कि इंडस्ट्री से जुड़े कुछ गंभीर मुद्दों पर भी अपनी राय बेबाक अंदाज में रखी।

### 'मेट्रो इन दिनों' है जिंदगी की एक खूबसूरत जर्नी

जब अनुपम खेर से पूछा गया कि वह फिल्म मेट्रो इन दिनों की जर्नी को कैसे बयां करेंगे, तो उन्होंने कहा, 'पता ही नहीं लगा कि कब यह जर्नी शुरू हुई और कब चलती रही। जिस जर्नी का पता नहीं चलता, वही सबसे अच्छी होती है। चाहे आप किसी पार्ट कम्पार्टमेंट में बैठे हो या फर्स्ट क्लास में, या एसी में – अगर सफर अच्छा है तो डेस्टिनेशन भी अच्छा ही होगा। यही इस फिल्म का अनुभव है। यह फिल्म हर किसी से किसी न किसी रूप में जुड़ती है। इसकी कहानी ऐसी है जो लोगों से जुड़ती है, क्योंकि वह अनुभव निर्देशक का है। अनुराग के साथ काम करना हमेशा वंडरफुल होता है। अनुराग बसु के बारे में बात करते हुए अनुपम ने कहा, 'मुझे नहीं पता था कि वह जितनी अच्छी फिल्में बनाते हैं, उतना अच्छा खाना भी बनाते हैं। वह बहुत ही मल्टी टैलेंटेड हैं। डांस भी करते हैं, गाना भी गाते हैं और खाना तो कमाल का बनाते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि सेट पर भी वह ऐसा माहौल रखते हैं कि कोई स्ट्रेस नहीं होती। कुछ डायरेक्टर सेट पर आते ही एक दबाव बना देते हैं, लेकिन अनुराग बिलकुल अलग हैं। वो कभी नहीं जताते कि वह कोई बहुत कमाल की फिल्म बना रहे हैं। फिल्म बनने के बाद भी जब पूछो कैसी बनी है, तो बस इतना ही कहते हैं ठीक है, देखते हैं।'

### वर्क-लाइफ बैलेंस जरूरी, पर मेहनत की अहमियत न भूलें

आजकल के आर्टिस्ट के लिए वर्क-लाइफ बैलेंस एक अहम बात बन गई है। इस पर अनुपम ने कहा, 'उन ऐक्टर्स से जाकर बात करनी चाहिए जो वर्क-लाइफ बैलेंस की बात करते हैं। पता नहीं इतने वर्षों बाद भी वो लोग काम कर रहे होंगे या नहीं। मैं ये बात घमंड से नहीं कह रहा, लेकिन हमने बहुत लोगों को आते-जाते देखा है। हमें काम की अहमियत भी पता है और उस मेहनत की भी जो इसके पीछे लगती है। सफलता को कभी भी पक्का नहीं मानना चाहिए। काम के प्रति सम्मान और लगातार मेहनत ही आपकी पहचान बनाती है। अनुपम खेर ने साफ कहा कि उन्हें अवॉर्ड्स मिलने की खुशी होती है और न मिलने पर तकलीफ भी। उन्होंने कहा, 'बचपन से हमें सिखाया गया था कि मेहनत करोगे, तेज दौड़ोगे, तो फर्स्ट आओगे और अवॉर्ड मिलेगा। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो कहते हैं कि अवॉर्ड्स जरूरी नहीं होते। मुझे अच्छा लगता है जब अवॉर्ड मिलता है। और जब नहीं मिलता, तो तकलीफ भी होती है। उन्होंने माना कि कई बार उन्हें अच्छे काम के बावजूद अवॉर्ड नहीं मिला। खोसला का घोंसला' और 'स्पेशल 26' इन दोनों फिल्मों के लिए मुझे कोई अवॉर्ड नहीं मिला। थोड़ा अफसोस जरूर होता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप मेहनत करना छोड़ दें। इतने वर्षों के अनुभव के बावजूद अनुपम खेर मानते हैं कि उन्हें आज भी फिल्मों की रिलीज से पहले नर्वसनेस होती है। उन्होंने कहा कि हर बार होता है। चाहे थिएटर का प्ले हो, फिल्म का ट्रेलर लॉन्च हो या रिलीज घबराहट होती है, क्योंकि आपने मेहनत की है और चाहते हैं कि फिल्म लोगों तक पहुंचे, पसंद की जाए।

### तन्वी द ग्रेट के लिए उत्साहित हैं अनुपम

अपने आने वाले प्रोजेक्ट पर बात करते हुए अनुपम खेर ने बताया कि उन्होंने एक फिल्म डायरेक्ट की है – तन्वी द ग्रेट। इस फिल्म को लेकर बहुत मैं बहुत एक्साइटेड हूं। यह मेरी डायरेक्ट की हुई फिल्म है और 18 जुलाई को रिलीज होगी।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in